लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 219, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 29 जून 2025




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 :14



देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

## शुभांशु से बोले प्रधानमंत्री, आपकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत

### बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत का प्रतीक है तथा यह भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है।

दोनों के बीच 18 मिनट तक चली बातचीत के अंत में प्रधानमंत्री ने भारत माता की जय का नारा लगाया, तो शुक्ला ने भी उनके साथ नारा लगाया और इस तरह अंतरिक्ष स्टेशन भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।




ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत में शुक्ला से कहा कि शुभांशु, आज आप भारत की धरती से सबसे दूर हैं, लेकिन हर भारतीय के दिल के सबसे करीब हैं। आईएसएस 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की परिक्रमा कर रहा है।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरी अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की भी यात्रा है। वह इन नए अनुभवों को स्पंज की तरह आत्मसात कर रहे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने अनुभव साझा करते हुए अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि यहां सब कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और विभिन्न प्रणालियों के बारे में सीखा... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया...। मोदी ने शुक्ला से कहा कि आपकी यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना होगा। और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भारतीय चंद्रमा पर उतरे।

### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से बहुत भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

### साथियों में साझा किया गाजर का हलवा, आम रस

शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर अपने 14 दिन के प्रवास की शुरुआत करते हुए गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस का लुत्फ उठाया। शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लेकर आया हूं। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए लोग भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। सभी को यह पसंद आया।

## माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

### इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

## संतों के विचारों के कारण ही भारत सबसे जीवंत सभ्यता

### जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया।




विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

## 5 इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल ने प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों और देवी-देवियों के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

ये राजकीय इंजीनियरिंग कालेज प्रतापगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी जिले में स्थित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए पूर्व में घोषणा की थी। योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महान महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं। यह केवल औपचारिक नामकरण नहीं, एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

### इन पांच कॉलेजों को मिला नया नाम

- भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़
- सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरजापुर
- भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती
- मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा
- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी

## पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा आज से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस - 2024 मुख्य परीक्षा 29 जून रविवार से शुरू हो रही है। यह परीक्षा दो जुलाई तक चलेगी। प्रयागराज और लखनऊ में 34 केंद्रों पर 29 जून से दो जुलाई तक परीक्षा होगी।

प्रयागराज में 15 केंद्रों पर 6102 और लखनऊ के 19 केंद्रों पर 8755 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पालियों में सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक होगी।

**प्रकृति के रंग** | सजग हुआ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन, वन पर्यावरण मंत्रालय से भी बनी उच्च स्तरीय टीम, लगाए कैमरे

## दुधवा में दुर्लभ लैपर्ड कैट के कुनबे में बढ़ोत्तरी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

- दिखने में तेंदुए के शावक जैसी इसलिए मिला यह नाम



दुधवा में लगे कैमरे में कैद हुई लैपर्ड कैट।

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ लैपर्ड कैट देखी जा रही है। इससे माना जा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ी है। अन्यथा, छिपकर रहने वाली लैपर्ड कैट आमतौर पर सामने नहीं आती। इससे दुधवा प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दूसरी ओर इसके संरक्षण के लिए टीम गठित की गई है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के भ्रमण के लिए 15 नवंबर से 15 जून तक सत्र चलाया जाता है। इसके बाद मानसून आने के कारण 16 जून से 14 नवंबर तक यह बंद रहता है। इस दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की गश्त जारी रहती है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन ने बताया कि सैलानियों के लिए सत्र बंद होने के बाद वन कर्मियों को गश्त के दौरान दक्षिण सोनारीपुर और मूर्तिहा रेंज में कई बार दुर्लभ लैपर्ड कैट दिखाई दी। लैपर्ड कैट यानी स्माल कैट काफी समय बाद दिखाई देने से इसे अच्छा संयोग माना जा रहा है। इधर, बिल्ली परिवार की यह प्रजाति लगातार दिख रही है। वन कर्मियों की सूचना के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं। इनमें भी लैपर्ड कैट की तस्वीर कैद हुई है। दुधवा प्रशासन उनकी नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है।

### दक्षिण-पूर्वी एशिया की जंगली बिल्ली

वन्यजीव विशेषज्ञ जितेंद्र शुक्ला बताते हैं कि लैपर्ड कैट को वैज्ञानिक रूप से प्रियोनेलुरस बंगालेंसिस के रूप में जाना जाता है, यह दक्षिण और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली एक छोटी जंगली बिल्ली है। इसे गंभीर खतरे में नहीं माना गया है।

> दुधवा टाइगर रिजर्व के घने जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान और वातावरण लैपर्ड कैट्स के संवर्धन के लिए अनुकूल है। वहीं, लैपर्ड कैट के संरक्षण के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में ग्लोबल टाइगर फोरम, विश्व प्रकृति निधि को भी शामिल किया गया है। -**डॉ. एच राजामोहन**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

### तेंदुए के शावक जैसी होती है लैपर्ड कैट

सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि दुधवा के जंगलों में लेपर्ड कैट काफी पहले से मौजूद है। एक लेपर्ड कैट लगभग तेंदुए के शावक के समान होती है। इसकी पहचान चेहरे से की जाती है। चूंकि यह छिपकर रहना पसंद करती है, इसलिए यह कम दिखाई देती है। इसे लेसर कैट की श्रेणी में रखा जाता है। इसके अंतर्गत फिशिंग कैट, लेपर्ड कैट और जंगल कैट आते हैं। लेपर्ड कैट आमतौर पर जंगल और घास के मैदानों में पाई जाती है।



## एक नजर

### अपना दल सोनेलाल ने की 14 क्षेत्रीय अध्यक्षों की घोषणा

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** अपना दल (सोनेलाल) ने 14 नए क्षेत्रीय अध्यक्षों की घोषणा की है। इस क्रम में शाहजहांपुर के नगर मीरानपुर कटरा निवासी दानिश जीशान खान को बरेली परिक्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दानिश जीशान खान लंबे समय से पार्टी से जुड़े रहे हैं। उनके योगदान और अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष जाटव आरपी गौतम ने घोषित अन्य नामों में शैलेंद्र कुमार पोनू को लखनऊ, राजेंद्र पटेल को अयोध्या और डॉ. महेश चौधरी जाट को आगरा परिक्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्षों को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा और जनसरोकार की राजनीति को नया बल मिलेगा।

### सिगरेट चोरी करने पर युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**कांट, अमृत विचार :** एक पान की दुकान की दुकान से सिगरेट चोरी के मामले में एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांट थाना क्षेत्र में कस्बा के पान भंडार के मालिक को गोदाम से सामान गायब होने का शक हुआ। उसने गोदाम में जांच की तो पता चला कि सिगरेट के कुछ डिब्बे आदि सामान गायब है। मालिक ने निगरानी के दौरान एक युवक के बैग से सिगरेट के डिब्बे आदि सामान बरामद किए। मालिक उसे गोदाम में ले गया ओर उसकी पिटाई की। इस दौरान कई लोग युवक की पिटाई करने लगे। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक ने पूछताछ के दौरान तीन डिब्बे सिगरेट के डिब्बे चुराने की बात स्वीकार की थी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है ओर कोई तहरीर नहीं आई है।

# एक दूजे के हुए 92 जोड़े, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराए विवाह, 102 जोड़ों ने कराया था पंजीकरण, 10 नहीं पहुंचे

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन शनिवार को एक मैरिज लॉन में किया गया। कुल 102 जोड़ों ने विवाह के लिए पंजीकरण कराया था जिनमें से 92 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे, जबकि 10 जोड़े विवाह में शामिल होने नहीं पहुंचे। सांसद अरुण कुमार सागर, विधायक चेतराम और भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने समारोह में पहुंच कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

सांसद अरुण सागर ने बताया कि प्रदेश सरकार की विवाह समारोह योजना के तहत सरकार द्वारा नव दम्पतियों पर एक लाख रुपए का लाभ जिसमें 60 हजार रुपये नगद, 25 हजार के उपहार व अन्य सामग्री भेंट की गई। विवाह समारोह में वैवाहिक जोड़ों के परिवार समेत रिश्तेदार भी मौजूद रहे। जिनके खाने पीने समेत तमाम अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान पालिकाध्यक्ष संजय गुप्ता, नायब तहसीलदार पंकज, खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना, मदनपाल, ओमेंद्र चौधरी, अखिलेश अग्निहोत्री, पुनीत शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे। विधानसभा पुवायां में 102 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। इसमें विकास खंड बंडा से 29, विकास खंड खुटार से 18, विकास खंड पुवायां से 29, विकास खंड सिधौली से 12 नगर पालिका परिषद पुवायां से पांच, नगर पंचायत खुटार से पांच और नगर पंचायत बंडा के चार जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।



जोड़ों को आशीर्वाद देते विधायक चेतराम व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### तीन मुस्लिम जोड़ों का हुआ निकाह

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कुल 92 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इसमें से तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार कराया गया। शेष 89 जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न हुआ। इसमें तीनों ब्लाकों से 1-1 मुस्लिम जोड़ा पहुंचा था।



वर-वधू को आशीर्वाद देते सांसद अरुण कुमार सागर व अन्य। ● अमृत विचार

### सामूहिक विवाह योजना की चर्चा विदेशों तक : सांसद

**शाजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां के सूरज मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरुण सागर ने कहा कि यह योजना प्रदेश की महत्वपूर्ण पहल है। योगी सरकार ने गरीब परिवारों की मदद के लिए यह योजना शुरू की। योजना में समय के साथ वित्तीय सहायता राशि में वृद्धि की गई है। बताया कि इस योजना की चर्चा पूरे देश और विदेश में हो रही है। योजना में बिना किसी भेदभाव के सभी धर्मों के जोड़ों की शादियां कराई जाती हैं। हर धर्म की रीति-रिवाजों का ध्यान रखा जाता है। मुस्लिम विवाह के लिए काजी की व्यवस्था की जाती है।

### गर्मी ने बढ़ाई कार्यक्रम में दिक्कतें

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला। जिसके चलते नव विवाहित जोड़ों समेत उनके परिजनों व तमाम अन्य लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन की ओर से हवा, पानी के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थी, लेकिन गर्मी ने सारी व्यवस्थाएं फेल कर दीं और पूरे कार्यक्रम में सभी परेशान होते दिखे।

# जलभराव की समस्या का 24 घंटे में समाधान

● पार्षद ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ किया मोहम्मद अली मार्केट में निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हाल ही में हुई बारिश के बाद वार्ड भारद्वाजी के अंतर्गत आने वाले मोहम्मद अली मार्केट क्षेत्र में जलभराव हो गया था। इससे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद सीमा सारस्वत ने स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज मिश्रा के साथ मौके पर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले पर अतिक्रमण और एक पीपल के पेड़ की फैली हुई जड़ों के कारण नाला बुरी तरह अवरुद्ध हो गया था। प्रारंभ में समाधान के लिए इदंपेड़ की कटाई का विकल्प सामने आया, लेकिन पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए न तो पेड़ को काटा गया और न ही किसी मकान व चबूतरे को नुकसान पहुंचाया गया। नगर निगम टीम ने कार्य करते हुए समस्या का समाधान 24 घंटे में कर दिया गया। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नगर निगम को स्थायी समाधान के लिए सूचित किया गया है। पार्षद ने व्यापारियों से अपील की कि वह अपनी दुकानों में कूड़ेदान अनिवार्य रूप से रखें और नाले में कूड़ा न फेंकें।



निरीक्षण करते नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा व पार्षद सीमा सारस्वत।

# डीएम को दिए विकास कार्यों के सुझाव

● जल्द मिलेगा जीजीआईसी में छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर : अंशु पांडेय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम को तमाम संगठनों ने जनपद में विकास कार्य करने के सुझाव दिए हैं।

डीएम ने फेसबुक प्लेटफार्म पर एक पोस्ट करके जनपद में विकास कार्यों को करने के लिए लोगों से सुझाव मांगे थे और उन्हें कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आमंत्रित किया। कहा था कि कमेंट में भी वो सुझाव दे सकते हैं अथवा कमेंट में अपना फोन नंबर लिख सकते हैं, ताकि उन्हें बैठक में आमंत्रित किया जा सके। तमाम लोगों ने बैठक में शामिल होने के लिए कमेंट में अपना नंबर भी लिखा और सुझाव दिए। इसके चलते शनिवार को आयोजित बैठक में तमाम संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे। इसमें जनराज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अजय मीरा पाण्डेय उर्फ अंशु पाण्डेय ने भी डीएम के समक्ष विचार व सुझाव रखें। उन्होंने छात्राओं के बैठने की व्यवस्था के लिए राजकीय कन्या इंटर कॉजेल में फर्नीचर उपलब्ध कराने, एबी रिच इंटर कॉलेज व मिशन स्कूल में शहीदों की प्रतिमाओं और कॉलेज का सौंदर्यीकरण कराने और जिले में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग रखी। अंशु पाण्डेय ने बताया डीएम ने तत्काल जीजीआईसी में छात्राओं के बैठने की व्यवस्था के लिए फर्नीचर को उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए हैं।



डीएम से मिलते संगठन के पदाधिकारी।

# गोशाला में गंदगी देख नाराज हुए एडीएम प्रशासन

● पुवायां नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों का किया निरीक्षण
● गोशाला में मवेशियों के पीने वाले पानी के टैंक में मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने नगर पालिका परिषद पुवायां में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराएं जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। एमआरएफ सेंटर पर उन्हें फटका मशीन बंद मिली, जबकि कचरे का पृथक्करण मैनुअल रूप से कर्मचारियों के द्वारा होते मिला। इसके अलावा कान्हा गोशाला में गंदगी देखकर एडीएम प्रशासन ने नाराजगी जताई। ईओ को सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए।

एडीएम प्रशासन ने कम्पोजिट विद्यालय प्रथम पुवायां में टायली करण, रैम्प, पाथ-वे, दिव्यांग शौचालय, हैंडवॉश आदि कार्यों का निरीक्षण किया। विद्यालय तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब मिली। ईओ को मार्ग शीघ्र से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया, ताकि विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा हो सके। कालामत शिवमंदिर पर कोई कार्य प्रगति पर नहीं मिला। जानकारी की तो पता चला निविदा प्रक्रिया हाल ही में पूर्ण हुई है। वर्तमान में ईंटें उखाड़ने का कार्य प्रारंभ है, कार्य गति धीमी पाई गई। ईओ को कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद पुवायां स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण ईओ सत्येन्द्र प्रकाश और जल निगम सहायक अभियंता विनय कुमार शाक्य की उपस्थिति में किया। इस दौरान फटका मशीन बंद मिली, परन्तु कचरे का पृथक्करण मैनुअल रूप से कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा था।

प्लास्टिक, कागज, कपड़ा, गत्ता आदि का पृथक्करण चिन्हित किया गया था, परंतु कुछ स्थानों पर कचरा मिश्रित पाया गया। इसके अतिरिक्त, सेन्टर तक का पहुंच मार्ग पर खड़ंजा था जिससे कूड़ा वाहन संचालित करने में असुविधा हो रही है। ईओ को निर्देशित किया कि सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए।



पुवायां में गोशाला का निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### कान्हा गोशाला में टीनशेड डालने के निर्देश

एडीएम ने निरीक्षण के दौरान कान्हा गोशाला में लगभग 250 गोवंश संरक्षित पाए गए। पानी के टैंक की न तो सफाई मिली और न ही टीनशेड पाया गया। ईओ को सभी व्यवस्थाएं पूरे करने के निर्देश दिए।

# आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

**खुदागंज, अमृत विचार :** रेत के अवैध खनन की ट्राली से दबकर युवक की मौत के मामले में पुलिस चालक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। चालक मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर निवासी अनुपम ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 14 जून को मकरंदपुर गांव का हर्षित उसके बेटे को घुमाने के बहाने ट्रैक्टर पर बैठाकर नदी के किनारे ले गया था। आरोपी नदी से रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर आ रहा था। पीड़िता का आरोप है कि उसके बेटे को ट्रैक्टर से गिराकर ट्राली से दबाकर मार डाला था। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी चालक गांव में खुलेआम घूम रहा है और मुकदमा वापस लेने के लिए दवाब बना रहा है। उसने मांग की है कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर धरने पर बैठा अधिवक्ता

**पुवायां, अमृत विचार :** खुटार क्षेत्र में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत कर अधिवक्ता तहसील परिसर में धरने पर बैठ गया। अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि खुटार में हाइवे के किनारे हरिजन आबादी व रास्ते के नाम करोड़ों की भूमि दर्ज है। कुछ लोग जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। जमीन पर मुकदमा भी चल रहा है, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन कार्रवाई करना नहीं चाहता। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in




# साइबर ठगी के बढ़ते मामले बने पुलिस के लिए चुनौती

## जिले भर में लोगों के साथ आए दिन हो रहीं ठगी की घटनाएं, पुलिस नहीं लगा पा रही विराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में साइबर ठग लगातार लोगों को चूना लगा रहे है और पुलिस इन पर विराम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। तमाम प्रयासों के बाद भी साइबर ठग पुलिस के हत्थे नहीं लग पा रहे है। बीते दिनों ठगों ने प्रगतिशील किसान और होम्योपैथिक कंसल्टेंट को चूना लगा दिया। पुलिस इन घटनाओं का खुलासा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रयास सफल कब होगा यह बताने वाला कोई नहीं है। अधिकारियों के पास सिर्फ एक ही जवाब है कि केस की जांच जारी है।

जिले में साइबर ठगी के तमाम किस्से लगातार सामने आ रहे हैं। कभी लालच देकर तो कभी डरा धमका कर साइबर अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। चौक कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला चिकित्सक को एक परिचित ने ट्रैवल वेबसाइट के बारे में जानकारी दी थी। इस पर रिव्यू करने पर भुगतान मिलने के बारे में बताया था। उन्होंने पहले तो इन्कार किया, लेकिन कई बार कहने पर वह इससे जुड़ गई थी। उनसे वर्चुअल वालेट बनाने के लिए कहा गया और रिव्यू देने की एवज में एडवांस कुछ धनराशि भी भेजी गई, जिसका उपयोग उन्होंने रिव्यू को लिखने में किया। इसके बाद अधिक रुपये लिखने व रुपये कमाने के लिए उनसे धनराशि जमा करने को कहा गया। जागरूक होने के बाद भी चिकित्सक ठगों को न नहीं कर सकीं। उनके कहने पर कुछ धनराशि जमा की तो बदले में 34 हजार रुपये उनके खाते में आ गए थे। इससे उन्हें लगा कि शायद ये लोग गलत नहीं हैं। इसके बाद उनसे समय-समय पर रुपयों की मांग की जाती रही। उन्होंने स्वजन व दोस्तों को बिना कुछ कारण बताए रुपये उधार लिए। बैंक खाते पर पर्सनल लोन भी ले लिया। इस तरह से दो माह के अंदर उनसे अलग-अलग तिथियों में 32 लाख 24 हजार 618 रुपये जमा करा लिए गए, लेकिन दूसरी ओर से कोई रिटर्न नहीं मिला। ठगी होने का अहसास होने पर उन्होंने प्राथमिकी पंजीकृत कराई थी। बंडा क्षेत्र के उदयपुर खखरा गांव निवासी राजीव कुमार भी साइबर ठग के हथकंडे में आसानी से फंस चुके हैं। बैंक आफ बड़ौदा में उनका खाता है। पांच नवंबर को मोहद्दीनपुर चौराहे के पास पीएसबी के एटीएम पर पांच हजार रुपये निकालने गए थे। मशीन में डेबिट कार्ड लगाने के बाद रुपये नहीं निकले लेकिन मोबाइल पर रुपये कटने का संदेश आ गया। मनोविश्लेषक मेडकल कालेज अगले दिन उन्होंने बैंक में शिकायत दर्ज कराई थी। आठ नवंबर को राजीव के पास एक वाट्सएप काल पहुंचीं। काल करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया और ठगी कर ली।

### यह भी हो चुके हैं ठगी का शिकार

जनवरी 2023 में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र वर्मा के बेटे तुषार चित्रांश से बर्गर किंग की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। 16 जुलाई 2023 को डा. पवन अग्रवाल से सेना के 95 जवानों की जांच के नाम पर दो लाख 60 हजार की ठगी हो गई थी। 30 अक्टूबर को सदर क्षेत्र के गदियाना मोहल्ला निवासी शमीम हसन खां से पैथोलॉजी में डॉक्टर उपलब्ध कराने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी हो गई थी। 16 जुलाई को रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी ज्ञान बाबू से आयकर विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी हुई। 17 दिसंबर को सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं व्यापारी नेता हरभजन सिंह दुआ के बेटे हनप्रीत सिंह दुआ से हॉलीडे पैकेज के नाम पर धोखाधड़ी की गई।

- पहले चोरी, डकैती, हत्या के खुलासे हुआ करते थे सिरदर्द

### साइबर चीफ बनकर 13 लाख रुपये ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन जलालनगर निवासी अजय सक्सेना ने बताया कि 4 फरवरी की सुबह साढ़े 10 बजे उसके फोन पर एक लड़की की कॉल आई। उसने कहा कि इस नंबर को दो घंटे के अंदर बंद कर रहे है, क्योंकि मुंबई साइबर पुलिस की शिकायत आई है। महिला ने उससे कहा कि मुंबई साइबर क्राइम से फोन पर सीधे बात कराते है। पीड़ित ने बताया कि दो मिनट बाद कोई महिला बोली मेरा नाम रश्मि शुक्ला है और साइबर क्राइम की चीफ बोल रही हूं। महिला ने उससे कहा कि आप का नाम एक बड़े घोटाले में है। इस लिए मुंबई आ जाओ। यदि मुंबई नहीं आए तो पुलिस भेजकर गिरफ्तार करा लेगे। अजय ने महिला एंड्राइड फोन का नंबर दे दिया। महिला ठग ने उसके टैबलेट पर अरेस्ट वारंट भेजा और बैंके के खातों के बारे में जानकारी की। उसने कहा कि एक ही खाता है और 70 हजार रुपये है। अनजान व्यक्ति के नाम से आनलाइन रुपये मंगवाए और कहा कि जांच के बाद पैसे वापस कर देगे। अजय ने अपने भाई ब्रिज सक्सेना के खाते से 13 लाख रुपये अलग-अलग तिथि में ठगों के पास भेज दिए। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

> साइबर ठगी से बचाव के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जो केस दर्ज हुए हैं उनमें से कुछ में कार्रवाई हो चुकी है और कुछ में चल रही है।
>
> -राजेश द्विवेदी, एसपी

## लाठी-डंडों से पीटने और फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** ग्रामीण ने 18 से अधिक लोगों के खिलाफ प्लाट की चारदीवारी गिराने, लाठी डंडों से पीटने और असलहों से फायरिंग करने का अभियोग दर्ज कराया है। गांव मिल्कीपुर के हारुन पुत्र नवाब हुसैन ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि 23 जून को रात में मिल्कीपुर के सफातुल्ला, अजीमुश्शान, समीउल्ला, अजीज अहमद, निसार अहमद आदि अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडे और असलाह लेकर आए। फीलनगर गांव के पास स्थित प्लाट की चारदीवारी गिरा दी और पीटा। जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग की। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




### पैन कार्ड बनवाने के नाम पर खाते से निकाले रुपये

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रैपुरा निवासी अरुण ने शनिवार को समाधान दिवस पर एसडीएम से मिला। उसने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता साधु की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। सरकार की कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत उसकी मां कुसमा के खाते में पांच लाख रुपये जमा हुए थे। आरोप है कि मुड़िया गुसाई के श्यामवीर ने पैन कार्ड बनवाने के नाम से उसकी मां के कई फार्म पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। उसकी मां कम पढ़ी लिखी है। इस दौरान आरोपी ने बैंक के विड्राल फार्म पर भी हस्ताक्षर करवा लिए थे। उसका आरोप है कि उसकी मां के खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। उसने जलालाबाद थाना पर शिकायत की।

## सार-संक्षेप

### टूटकर गिरे पोल से घायल हुए कई लोग



**सिंधौली, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से संपर्क मार्ग पर टूटकर गिरे बिजली के खंभे से टकराकर छह से ज्यादा बाइक सवार व राहगीर घायल हो गए। वहीं मुरछी गांव की बिजली व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई। गांव मुरछी से होकर क्षेत्र के गांव नथुआपुर, बरौरा, अख्त्यारपुर, तेरा आदि के लिए संपर्क मार्ग जाता है। गुरुवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गांव के पश्चिम संपर्क मार्ग के किनारे स्थित बिजली का पोल टूटकर गिर गया। इससे टकराकर गांव क्षेत्र के आधा दर्जन बाइक सवार राहगीर टकराकर घायल हो गए। घायल होने वाले सुधीर, स्वामीदयाल, बटेश्वसर, महेश तथा बरुण आदि ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्राथमिक उपचार प्राप्त किया। उधर, जेई राजेन्द्र सागर ने बताया कि किसी वाहन की टक्कर से पोल टूट गया था। बिजली व्यवस्था सही करा दी गई है।

### मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**सिंधौली, अमृत विचार :** दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल हुए ग्रामीण की तहरीर पर कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के गांव आदमपुर दक्षिणी निवासी दलित बृजलाल ने बताया कि चार जून को वह खेत से काम करके अपने घर वापस लौट रहा था। रास्ते में उसे गांव के कुछ लोगों ने रोक कर गाली गलौज किया। आरोप है कि आवाज सुनकर मौके पर आयी उसकी पत्नी के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की। ग्रामीण ने बताया कि आरोपियों से उसका कुछ दिनों पूर्व मामूली विवाद हो गया था। मारपीट के दौरान उसको गंभीर चोटें आई। पुलिस ने मेडिकल कराकर कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद उसने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आईजीआरएस पोर्टल के जरिए न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद गांव पहुंचे हलका इंचार्ज ने पीड़ित को मुकदमा दर्ज करने के नाम पर आश्वासन देते हुए गुमराह करके उसके साथ फोटो खींचकर और उसके बेटे से ओटीपी लेकर की गई शिकायत का बिना किसी कार्रवाई के निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी।

### स्टंटबाजी करते समय पलटा ट्रैक्टर, बचा चालक



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चालक ट्रैक्टर के दोनों अगले पहिये हवा उड़ा रहा था और अचानक ब्रेक लगाते समय पलट गया। वीडियो सोशल मीडिया डाला गया है। कांट थाना क्षेत्र के गांव सिकरोही का एक युवक द्वारा ट्रैक्टर से किए गए खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक ने खेत पर पहले ट्रैक्टर को काफी तीव्रता से चलाया। उसने ट्रैक्टर के दोनो पहिये हवा ऊपर उठा दिए और अचानक एक दम ब्रेक लगा दिए। इस दौरान ट्रैक्टर असंतुलित होकर ट्रैक्टर एक साइड में पलट गया। इस दौरान चालक के मामूली चोट आई है। यह वीडियो 10 सेकंड का है। इस वीडियो को अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और कांट थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कांट प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। पुलिस को जांच के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट और छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को वह अपने खेत में काम कर रही थी कि उसी समय एक गांव का ही रहने वाला प्रभजोत सिंह उसके पास आया और उसे बुरी नीयत से देखने लगा। जिस पर उसने विरोध किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे बुरी नियत से पकड़ कर जबरन छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी प्रभजोत ने उसे जमकर मारा पीटा। चीख पुकार पर पीड़िता के अन्य परिजन मौके पर आ गए। इस पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रभजोत सिंह के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर कर लिया है।

### चक मार्ग पर खड़े पेड़ काटने का किया प्रयास

**पुवायां, अमृत विचार :** चक मार्ग पर खड़े पेड़ काटने के प्रयास की शिकायत कर युवक ने कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव नाहिल निवासी शिवम शुक्ला ने थाना समाधान दिवस में शिकायत कर बताया कि गांव में चक मार्ग हैं। इस भूमि पर वर्षों पुराने यूकेलिप्टस व अमरूद के पेड़ लगे हैं, जो खसरा में भी दर्ज हैं। शिवम ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग जबरन पेड़ों को काटकर भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। युवक को रोकने पर लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और जबरन पेड़ काट लेने की चेतावनी देकर चले गए। पीड़ित ने शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### नकदी समेत हजारों के जेवर चोरी, दी तहरीर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद में चोर एक मकान में घुस गए और नगदी समेत हजारों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। मकान मालिक परिवार समेत माता-पिता के मकान में सोने के लिए चला गया था। जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरविंद गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को परिवार समेत मकान में ताला बंद करके माता-पिता के मकान में सोने के लिए चला गया था। चोर रात में मकान में घुस गए। चोर 10 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठियां, चांदी की करधनी, चांदी के खड़ूए चुराकर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 400 केवीए ट्रांसफार्मर फुंका, सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**कलान, अमृत विचार :** कस्बे में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते धमाके के साथ फुंक गया है। इस कारण परौर मार्ग समेत कस्बे के सैकड़ों घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

कस्बे में परिवार मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते शनिवार की शाम धमाके के साथ फुंक गया। धमाका हुआ और चिंगारी की लपट उठी तो लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर सूचना दी। विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ट्रांसफार्मर को देखा। बाद में ट्रांसफार्मर फुंक जाने की बात कही।

ट्रांसफार्मर फुंक जाने से परौर मार्ग समेत कई मोहल्लों के सैकड़ों घरों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि रविवार की देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।

## बिजली कटौती से परेशान लोगों ने हाईवे किया जाम

संवाददाता, कलान

- नगर पंचायत अध्यक्ष और जेई के बीच हुई नोकझोंक

**अमृत विचार :** सड़क पर उपभोक्ताओं का हंगामा और बिजली विभाग के जेई का घेराव करने के बाद भी बिजली व्यवस्था शनिवार को भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष व जेई के बीच नोकझोंक हो गई।

शुक्रवार को बिजली कटौती की गई। देर तक सप्लाई नहीं मिली तो देर करीब 11 बजे उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में लोग स्टेट हाईवे पर जा पहुंचे। बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपभोक्ताओं भीड़ विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच गई और हाईवे को जाम कर दिया। यहां पर भी बिजल गुस्सा दिखाते हुए जमकर नारेबाजी की। सूचना पर थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन उपभोक्ता मानने को तैयार नहीं हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता कस्बा वासियों के समर्थन में मौके पर पहुंच गए। जब अवर अभियंता राम सुरेश मौके पर पहुंचे तो नगर पंचायत अध्यक्ष व जेई के बीच नोक झोंक होने लगी। इसके बाद भी शुक्रवार को बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को नहीं मिल सकी। बिजली के आने जाने का सिलसिला जारी। उपभोक्ताओं ने बताया कि शुक्रवार की रात बिजली एक बजे के बाद आई और 10-20 मिनट बाद ट्रिपिंग करती रही। शनिवार सुबह पांच बजे से पहले बिजली चली गई। फिर एक घंटे बाद आई और 10 बजे के बाद फिर चली गई। शनिवार दिन में एक बिजली आई फिर चली गई। कई कई बार ट्रिपिंग होने के बाद भी शाम छह बजे तक बिजली नहीं आई।

## रेलवे स्टेशन को दी बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- साधू ने नशे में फोन कर डायल 112 का दी धमकी
- जलालाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने दबोचा

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी एक व्यक्ति ने फोन पर डायल 112 को दे दी। इससे पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने आरोपी को पकड़ने के लिए जलालाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम को लगाया। पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी साधू को गिरफ्तार कर लिया।

अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार की रात डायल 112 और 1076 पर फोन करके शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। डायल 112 के सिपाहियों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। सिपाहियों ने बताया कि किसी अनजान व्यक्ति ने फोन पर कहा कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ा देंगे। अधिकारियों ने जलालाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम को लगाया। सर्विलांस टीम जिस मोबाइल नंबर से फोन आया था उस व्यक्ति की तलाश में लग गई। जलालाबाद पुलिस टीम ने स्टेशन को बम से उड़ाने की भ्रामक सूचना देने वाले को शनिवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान भ्रामक सूचना देने वाले आरोपी ने अपना नाम धर्मवीर सिंह उर्फ कावेंद्र निवासी मीरवैश्यपुर थाना कांट बताया है। पुलिस ने उसे साधु के वेश और नशे की हालत में पकड़ा। पुलिस ने पूछताछ की तो पाया गया कि धर्मवीर नशे करने की प्रवृत्ति का है और 15 साल से साधु के वेश में मंदिरों पर रहकर गुजर बसर करता है। उसने नशे की हालत में भ्रामक सूचना दे दी थी। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया है। उन्होंने बताया कि नशे की हालत में भ्रामक सूचना दे दी थी। आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ व दिव्यांग है। टीम में अपराध निरीक्षक रवि शंकर यादव, उप निरीक्षक मनोज कुमार, महेश सिंह, सिपाही विनीत, दिनेश थे।



पुलिस हिरासत में रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी।

## छुट्टा पशुओं से टकराया टेंपो एक की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- निगोही रोड पर टिकरी पुलिस चौकी के निकट हुआ हादसा

**अमृत विचार :** शहर से टेंपो चालक सवारियां भरकर शनिवार की शाम निगोही जा रहा था। निगोही रोड पर टिकरी चौकी के निकट मौर्य मार्केट के सामने अचानक छुट्टा पशुओं के झुंड से टेंपो टकरा कर पलट गया। टेंपो में सवार 65 वर्षीय गुरदयाल सिंह निवासी हगवंतपुर थाना करेली जिला पीलीभीत, कस्बा निगोही के सूरज, खनका गांव के अशोक, निगोही में तैनात बीआरसी मदन और संडा गांव के किशन लाल घायल हो गए। उन्हें असपताल ले जाया गया। इलाज के दौरान गुरुदयाल की रात आठ बजे मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक गुरदयाल सिंह।

### बस चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के हारगुरैया निवासी अहसान अली ने बताया कि उसके पिता सोहराव अली होमगार्ड में थे और अल्हागंज थाना में पोस्टिंग थी। 25 जून की सुबह साढ़े 10 बजे उसके पिता बाइक से अल्हागंज थाना पर ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। चौरसिया गांव के सामने अनुबंधित बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज से मांगा छुटकारा

**बंडा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल ने शनिवार को बंडा के पुवायां रोड पर स्थित बिजली घर पर बिजली की समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख समस्याओं में बंडा बिजली घर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बार बार बिजली का कट लगाया जाना और लो वोल्टेज शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में युवा तहसील अध्यक्ष पुवायां निरंकार सिंह, अमरीक सिंह, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



जेई बंडा जयंत कुमार को ज्ञापन सौंपते प्रदेश उपाध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल व अन्य।

### पिता-पुत्री को पीटकर किया घायल

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर पिता-पुत्री को पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। धर्मपुर कंकलिया गांव निवासी राम भजन ने तहरीर में बताया कि गांव के लड़ैते ने पुत्र कल्लू के साथ खेत की मेड़ काट दी। मना करने पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। बचाने आई बेटी रीना को भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए भेज दिया।

## करनापुर में नदी की स्थिति स्पष्ट नहीं, खुदाई करने पर लगाई रोक

- नदी के निकलने वाले स्थान पर निकली दो ग्रामीणों की जमीन

**पुवायां, अमृत विचार :** भैंसी नदी की खुदाई के दौरान गांव करनापुर पैंतापुर में नदी की स्थिति स्पष्ट न होने से खुदाई कार्य प्रभावित हुआ। उच्चाधिकारियों के फैसले के बाद किसान को सहमत कर खुदाई कार्य शुरू कराया जाएगा।

भैंसी पुनर्जीवन अभियान के तहत चल रहे खुदाई के कार्य में शनिवार को गांव करनापुर पैंतापुर में बाधा आ गई। पुल के पास नदी का स्वरूप बदला पाया गया। इसके चलते खुदाई कार्य को रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार जिस स्थान से नदी को निकालना है उस स्थान पर गाटा संख्या 191 और 192 है। इस पर सिंघाड़ा सिंह व बलजिंदर सिंह के नाम दर्ज है और उन्हीं का कब्जा भी है। इसके अलावा जिस स्थान पर नदी बहती थी वह स्थान कुछ दूरी पर है जहां से नदी को निकालने में समस्याएं सामने आ रही हैं। इसके चलते शनिवार को किसान से वार्ता की गई, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। जिसके बाद खुदाई को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। अन्य स्थानों पर खुदाई जारी है। उधर, अधिकारियों ने बताया कि मामले को उच्चाधिकारियों के सामने रखा जाएगा और किसान पक्ष का ध्यान रखते हुए फैसला लिया जाएगा। इसके बाद खुदाई कार्य शुरू कराया जाएगा। लोकभारती कार्यकर्ता धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि अभी नाप में खेत जो सरदार के कब्जे में है वह रास्ते में आ रहा है, जबकि दूसरा स्थान खाली है लेकिन कुछ दूरी है। अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा काम शुरू हो पाएगा। तब तक खुदाई दूसरे स्थानों पर चल रही है। नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने बताया कि करनापुर पैंतापुर में नदी की नाप में कुछ समस्या आई है जो अधिकारियों के सामने रखी जाएगी। इसके बाद काम शुरू कराया जाएगा।



# ट्रेनों की गैलरी और शौचालय में बैठकर सफर कर रहे यात्री

## गर्मी में जनरल कोच में सफर करना हो गया मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ट्रेन के जनरल कोच में सफर करना मुश्किल हो गया है। ट्रेनों की ठसाठस भरी बोगियां और लेटलतीफी के कारण सफर करना मुश्किल हो गया है। बोगियों में जगह न होने पर गैलरी और शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है।

दिल्ली, कानपुर, रायबरेली, गोंडा, फैजाबाद रूट पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनों में प्रतिदिन एक से तीन घंटे देरी से आ रही है। समर स्पेशल ट्रेनों की हालत अधिक खराब है, जो सात और आठ घंटे विलंब से आ रही है। यात्रियों का कहना है कि समर स्पेशल ट्रेनों को जहां मर्जी होती है रोक देते है। इसी लिए समर स्पेशल ट्रेनें कई घंटे विलंब से आ रही है। वर्तमान समय दिल्ली और पंजाब जाने वाली ट्रेनों में अधिक भीड़ चल रही है। दिल्ली को जाने वाली गुवाहाटी एक्सप्रेस, फैजाबाद-दिल्ली एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, हरिद्वार जाने वाली जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस के जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। क्योंकि काम करने वाले मजदूर अपने गंतव्य स्थान को जा रहे और स्कूल की छुट्टी खत्म होने को लेकर लोग वापस आ रहे है। साथ ही वेटिंग टिकट पर स्लीपर कोच पर सफर करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनरल कोच में यात्री गैलरी और शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग और बच्चों को हो रही है।



ट्रेन में खड़े होकर सफर करते यात्री।

- बुजुर्गों और बच्चों को हो रही सबसे अधिक परेशानी
- स्लीपर कोच में वेटिंग टिकट वालों की एंट्री पर प्रतिबंध

### ट्रेन का दरवाजा अंदर से कर लेते है बंद

रात को चलने वाली ट्रेनों के अधिकांश गेट यात्री अंदर से बंद कर लेते है। दो मिनट के स्टॉपेज में यात्री दरवाजा खुलवाने के लिए पीटते है, लेकिन यात्री दरवाजा नहीं खोलते है। दरवाजा न खोलने पर यात्रियों की नोकझोंक तक हो जाती है। दरवाजा न खुलने पर कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। कुछ यात्री लटक कर सफर करते है। प्लेटफार्म जीआरपी और आरपीएफ नहीं दिखाई देती है।

**महिला कोच पर कर लेते है कब्जा :** ट्रेन के महिला कोच गार्ड की बोगी के पास होता है। पुरुष लोग जबरन महिला कोच में घुस जाते है और सीट पर बैठ जाते है। महिलाएं विरोध करती है तो पुरुष यात्री नहीं मानते है। गार्ड पुरुषों को उतारने का प्रयास करते है तो कोई नहीं सुनता है। इसी प्रकार दिव्यांग कोच में आम यात्री बैठ जाते है। गार्ड कई बार पावर केबिन पर शिकायत करता है। अनाउंस होने के बाद भी टीम महिला कोच में नहीं आती।

# चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार बाइक बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना चौक कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली है।

थाना कांट क्षेत्र के ग्राम लालपुरा निवासी अखिलेश ने शुक्रवार रात करीब आठ बजे पुलिस को सूचना दी कि वह कोतवाली क्षेत्र में काम से आया था। इसी दौरान चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। शनिवार सुबह तड़के डैम रोड पर गर्रा पुल के पास से चोरी की बाइक समेत एक चोर को गिरफ्तार किया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी थाना चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वर्कजई के रहने वाले चांद मियां को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। फरार कासान की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार दर्ज मुकदमे में धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक कुमार गौरव और कांस्टेबल दीपक कुमार मौजूद रहे।

# इंजन खराब, ट्रेनों को प्लेटफार्म 4 से निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- इंटरनेट पर दिखाता रहा तीन नंबर, रात भर परेशान हुए यात्री

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर तकनीकी खराबी आने के कारण इंजन को प्लेटफार्म तीन की रेल लाइन पर खड़ा कर दिया गया। इस दौरान बरेली जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म चार से निकाला गया, जबकि इंटरनेट पर पूरी रात ट्रेनें प्लेटफार्म तीन पर दिखाता रहा। इस कारण यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

रोजा से एक इंजन दो खराब इंजन को लेकर पंजाब की ओर शुक्रवार की रात 11 बजे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन की रेल लाइन से जा रहा था। पावर केबिन के सामने अचानक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई और इंजन रुक गया। लोको पायलट ने इंजन को ठीक करने का काफी देर तक प्रयास किया। लोको पायलट से इंजन ठीक नहीं हुआ तो कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इंजन को रेल लाइन संख्या तीन पर खड़ा कर दिया गया। बरेली की ओर जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म चार की रेल लाइन से निकाला गया, जबकि यात्री मोबाइल पर नेट के माध्यम से बरेली की ओर जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म तीन पर इंतजार कर रहे थे। ट्रेन के बारे में एनाउंस होता था कि ट्रेन प्लेटफार्म तीन के स्थान पर प्लेटफार्म चार पर आ रही है। प्लेटफार्म तीन पर खड़े यात्री जल्दी बाजी में प्लेटफार्म चार पर जाने के लिए सीढ़ी जाते थे। कई यात्री ठोकर खाकर सीढ़ी पर गिर पड़ते थे। यात्रियों ने बताया कि नेट पर प्लेटफार्म पर पर ट्रेन दिखाता था और ट्रेन प्लेटफार्म चार पर आती थी। शनिवार की सुबह पांच बजे बालामऊ के इंजन ने खराब इंजन को प्लैटफार्म तीन से हटाकर यार्ड में किया। प्लेटफार्म तीन की रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन छह बजे शुरु हुआ था। इस दौरान यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# तिलहर में आईं आठ शिकायतें

**तिलहर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों की आठ शिकायतों में मौके पर किसी भी एक शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया।

थाना दिवस में तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने सबसे पहले फरियादियों की पुरानी शिकायत को विभागीय अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना दिवस में फरियादियों की चकरोड, जमीनी विवाद, बिजली कटौती नगर में जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को सही न करने सहित फरियादियों की शिकायत आई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्यालय विलय को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय मढ़िया दीनातारा तारा के विलय के खिलाफ बच्चों ने प्रदर्शन किया। बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि नियमों के विपरीत पेयरिंग के नाम पर ढाई से तीन किलोमीटर दूर पढ़ने जाने को मजबूर होना पड़ेगा।

जनपद में 40 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को विलय करने की तैयारी शुरू कर दी गई। इसे लेकर मढ़िया प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और अभिभावकों ने विरोध शुरू किया। उन्होंने शनिवार को प्रदर्शन किया। उनके अभिभावकों का कहना है कि काफी प्रयासों के बाद लगभग बीस साल पहले गांव में प्राथमिक विद्यालय के रूप में शिक्षा की किरण पहुंची थी, जिसे विद्यालय विलय की नीति से फिर से बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आबादी क्षेत्र में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना का नियम बनाया गया, जिस से ग्रामीण अंचल के बच्चों की सुगम शिक्षा की व्यवस्था हो सके।

### ग्रामीणों ने भी किया समायोजन का विरोध

**तिलहर, अमृत विचार :** सरकारी स्कूल के समायोजन की सूचना पर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तहसीलदार जयप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंप कर समायोजन रद्द करने की मांग की। ढकिया रघा ग्राम पंचायत के मजरा धीमर गौटिया के ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव कठिना नदी के किनारे है। यदि प्राथमिक विद्यालय का समायोजन किया गया तो उनके बच्चों को लगभग 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। इससे बच्चों को परेशानी होगी। ऐसे में ग्रामीण भी बच्चों को स्कूल भेजना पसंद नहीं करेंगे। इस दौरान शंकर लाल, सतीश चंद्र, रामचंद्र, रामशरण, रामविलास, प्रदीप कुमार, राजवीर, मुकेश, महिपाल आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश रद करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अनुसूचित जाति-जनजाति महासंघ के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा। इसमें बेसिक शिक्षा परिषद के कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज किए जाने वाले आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि विद्यालय मर्ज किए जाने का शासनादेश बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। विद्यालय मर्ज होने की व्यवस्था लागू होने से सबसे अधिक एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राएं प्रभावित होंगे। ज्ञापन देने वालों में संयोजक जगदीश चंद्रा, अजय वर्मा, जापान सिंह, सियाराम दिनकर, अरविंद वर्मा, उदय वर्मा, वेदपाल मौजूद रहे।

# बदसलूकी पर थाने पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर पोषाहार वितरण के दौरान हमला और रजिस्टर आदि फाड़ने की घटना से आक्रोशित तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने थाने आकर आक्रोश जताया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से हमलावर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

शाहपुर खितौआ की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रजनी शुक्रवार को पोषाहार बांट रही थी। कार्यकर्ता के मुताबिक एक ग्रामीण शराब के नशे में आकर मारपीट पर उतारू हो गया। गाली गलौज कर रजिस्टर आदि फाड़ डाले। गांव वालों ने किसी तरह बचाया। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया।



आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

घटना से क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भड़क गईं। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह की अगुवाई में तमाम महिलाएं दोपहर थाने पहुंची। घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल से हमलावर के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद महिलाएं घरों को वापस लौटीं।

# साले की बेटी को पीटकर भागा युवक छत से गिरकर घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जारमानो निवासी रामलली पत्नी कृपाल ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह जनपद लखीमपुर के थाना मैलानी क्षेत्र निवासी शिवम के साथ की थी। शिवम उसकी पुत्री के साथ रोज मारपीट करता था जिससे परेशान होकर वह अपने मायके में जारमानो रहने लगी। शुक्रवार की रात शिवम शराब के नशे में उनके घर पहुंचा और पोती के साथ मारपीट की। शोर सुनकर वह भागा और छत से गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

# डीएम की बैठक में सहयोग संस्था ने गिनाए विकास कार्य



जिलाधिकारी के साथ बैठक करते सहयोग संस्था के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने महानगर के विकास कार्यों को लेकर आम जनता के साथ विकास भवन में बैठक की। उन्होंने सभी से विकास कार्यों की बात करते हुए राय ली। बैठक में सहयोग संस्था को भी आमंत्रित किया गया और सहयोग संस्था के पदाधिकारियो ने डीएम को 13 विकास कार्य गिनाए, जोकि महानगर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व उपयोगी विकास कार्य है। सहयोग संस्था ने 13 बिंदु दिए जिसे पढ़कर डीएम ने सराहना की। बैठक में संस्था की ओर से संरक्षक शाहनवाज खां एडवोकेट, अध्यक्ष रजनी गुप्ता, डायरेक्टर तराना जमाल, प्रमोद गुप्ता पूर्व कैप्टन वायु सेना, महासचिव विकास सक्सेना, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, नवनीत गुप्ता, सरदार अमरदीप सिंह खालसा आदि सभी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पति समेत आठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी रुशना का निकाह तीन साल पहले सरताज अहमद निवासी सिंजई चौक कोतवाली के साथ हुआ था। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने मायके वालों से कहा कि शहर में मकान खरीदकर दो। पीड़िता ने कहा कि मायके वाले मकान खरीदकर नहीं दे सकते है। आरोप है कि 12 अप्रैल 2024 की रात में ससुराल वालें मायके छोड़ गए। तब से वह मायके में रह रही है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पति सरताज अहमद, ससुर अहमद खां, सास अकीला, आफाक अहमद, इमरान समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### राज्यसभा सांसद ने दिव्यांगों का कराया रजिस्ट्रेशन



**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां के ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों व एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए परीक्षण शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन करवाए। शिविर में दिव्यांग, जरूरतमंद व बुजुर्गों के लिए तमाम दिव्यांग किट वितरित की जाएगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके बाद लोगों को सरकार की नीतियों के बारे में बताया। इसके अलावा सभी जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। सुरजन लाल, बीडीओ राम प्रकाश राना समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### एसपी ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बंडा थाने में फरियादियों की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण किया जाए। इस दौरान संबंधित अधिकारी व थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

### सरकार की प्राथमिकता जनता को इंसाफ दिलाए



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सांसद अरुण सागर ने साउथ सिटी स्थित आवास कार्यालय पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर के रहने वाले फरियादी अलग-अलग समस्याओं को लेकर पहुंचे।

सांसद ने सभी को समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए हैं। सांसद ने बताया कि शिकायतों में अलग-अलग विभागों से जुड़े मामले होते हैं। सभी समस्याओं का समाधान कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता हो गई है। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश की जनता को इंसाफ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व चल रही सरकार में गरीबों को योजनाओं का लाभ और पीड़ितों को इंसाफ मिल रहा है।

### डीईओ ने किया वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मघई टोला स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक अंतरिम निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीवीपैट के स्ट्रांग रूम को खुलवाकर गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। डीएम ने निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे और सीसीटीवी कैमरे निरंतर क्रियाशील रहें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को क्षम्य नहीं किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में नि:शुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

## एक नजर

### माटी कला पुरस्कार को आवेदन 5 जुलाई तक

बदायूं, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि माटी कला विधा के परम्परागत कारीगरों व माटी कला शिल्पियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रजापति समाज के शिल्पकारों तथा कामगारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन पांच जुलाई तक होंगे। ऑनलाइन आवेदन की कॉपी विभाग में जमा करनी होगी।

### बैलगाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बदायूं, अमृत विचार : इस्लामनगर थान क्षेत्र के गांव सैफुल्लागंज और पतीसा के बीच बाइक की विपरीत दिशा से आ रही बैलगाड़ी से भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव सैफुल्लागंज निवासी लोकेंद्र अपने चचेरे भाई सनी देव के साथ बाइक से खेत से लौट रहे थे। विपरीत दिशा से आई बैलगाड़ी से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में लोकेंद्र की मौके पर मौत हो गई। सनी देव गंभीर रूप से घायल हो गए।

# रोडवेज चालकों-परिचालकों को को मिलेगा नो एक्सीडेंट रिवार्ड

## बदायूं से तीन नाम भेजे, सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कम हादसे करने वाले चालकों को रोडवेज निगम देगा प्रोत्साहन

अमृत विचारः सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन निगम ने बड़ा कदम उठाया है। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नो एक्सीडेंट रिवार्ड योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे चालक और परिचालक जिनसे साल भर कोई भी सड़क हादसा नहीं हुआ हो, उन्हें प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

बदायूं डिपो से इस योजना के तहत दो चालकों और एक परिचालक के नाम परिवहन निगम को भेजे गए हैं। इन सभी को एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना का उद्देश्य चालकों और परिचालकों को सतर्क और जिम्मेदार बनाना है

> परिवहन निगम की ओर से नो एक्सीडेंट रिवार्ड योजना शुरू की गई है। इससे सड़क हादसों में निश्चित रूप से कमी आएगी। बदायूं डिपो से दो चालकों और एक परिचालक का नाम निगम को भेजा गया है। - **राजेश पाठक**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज डिपो

ताकि सड़क हादसों में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके।

प्रदेश सरकार भी सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। पूरे प्रदेश में यातायात जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूलों से लेकर सड़क तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**एफआईआर दर्ज तो नहीं मिलेगा लाभ :** अगर किसी चालक या परिचालक के खिलाफ हादसे की एफआईआर दर्ज होती है, तो वह इस योजना के लाभ से वंचित हो जाएगा। यदि हादसे में आपसी समझौता हो गया है, तो योजना में शामिल किया जा सकता है।

**हादसों से प्रभावित होता है निगम संचालन :** हर साल रोडवेज बसों से कई हादसे होते हैं जिससे न सिर्फ परिवहन निगम के संचालन पर असर पड़ता है, बल्कि राजस्व का नुकसान और कानूनी झंझट भी बढ़ते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नो एक्सीडेंट रिवार्ड योजना लागू की गई है। हादसों के आधार पर ड्राइवरों की श्रेणी बनाई गई है और शून्य हादसे वालों को अलग से पुरस्कृत किया जाएगा।

# 15 मोहल्लों के 50 हजार लोग 12 घंटे रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर में कई घंटे गुल रही बिजली, ट्रिपिंग की समस्या बरकरार
- बिजली कटौती से अस्पताल में पंखा झलते रहे तीमारदार

अमृत विचार : शहर से लेकर देहात तक में बिजली कटौती से हाहाकार मचा है। विभागीय अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। शहर में 12 घंटे की अघोषित कटौती से जनमानस त्रस्त है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदार हाथ का पंखा झलने को मजबूर हैं।

बिजली विभाग के अफसरों की मनमानी से उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हो रहे हैं। पनबड़िया बिजली घर से कई मोहल्लों को सप्लाई दी जाती है। शुक्रवार की रात 11 बजे बिजली गुल हो गयी। जिससे आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा। दिन में तेज धूप के कारण रात को भारी गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए। बिजली गुल होने के बाद लोग घरों से बाहर निकल कर सड़कों पर घूमते रहे।

बिजली गुल होने से मधुवन कॉलोनी, जवाहरपुरी, दातागंज रोड, आदर्श नगर, सिविल लाइन, गद्दी चौक, इंदिरा चौक, कटरा ब्राह्मपुर, रेलवे क्रासिंग, ओवर ब्रिज, मंडी समिति, मझिया रोड,टयूवबैल कॉलोनी, बाबा कॉलोनी, मझिया गांव सहित करीब 50 हजार लोग गर्मी उमस से परेशान रहे। शनिवार को दोपहर 11 बजे सप्लाई शुरू हुयी तो लोगों ने राहत की सांस ली।



जिला अस्पताल में हाथ का पंखा झलती महिला। ● अमृत विचार

> लाइन में खराबी आने के कारण रात को सप्लाई ठप हुई। जिसे शनिवार को ठीक कर लिया गया। अब सप्लाई हर जगह पहुंच रही है। कई कस्बों से बिजली कटौती की खबरें आ रही हैं। कुछ लाइनों पर काम किया गया है। अब सप्लाई हर जगह पहुंच रही है। - **संजीव कुमार** - अधिशासी अभियंता प्रथम

12 घंटे तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ता परेशान हो गए। उधर मीरा सराय में शनिवार को सुबह आठ बजे से दसे बजे तक बिजली ठप रही। करीब बीस हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र में हर चौथे पांचवें दिन तार टूटने की घटना सामने आती है फिर भी लाइन को ठीक नहीं किया जाता है।

**ढाक वाली जियारत** स्थित बिजली घर से आपूर्ति की जाने वाली बिजली शुक्रवार रात को कई बार गुल हुई। शनिवार को सुबह आठ बजे से दस बजे तब सप्लाई ठप रही। जिससे करीब पचास हजार से अधिक उपभोक्ता परेशान रहे। विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया तो फाल्ट ठीक करने की बात कही गयी।

**जिला अस्पताल** में शनिवार को दोपहर 11 से 12 बजे तक बिजली गुल रही। जिससे वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी से परेशान रहे। तीमारदार पास में बैठे हाथ का पंखा झलते रहे। ओपीडी में भी डॉक्टरों को बिजली नहीं होने से दिक्कत हुई जिसमें कई डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठे। मेडिकल वार्ड और जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों की स्थिति गर्मी के चलते बेहद खराब हो गयी। कुछ मरीज बाहर बैठे रहे। उसके बाद 12 बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो फिर से लो वोल्टेज की समस्या से दिक्कत हुयी। ट्रिपिंग की समस्या कई दिन से बनी हुयी है इस पर कोई काम नहीं किया जा रहा है।

### उझानी में 13 घंटे ठप रही बिजली सप्लाई, हंगामा

उझानी, अमृत विचार : कस्बे में शुक्रवार रात को गुल हुई बिजली सप्लाई दूसरे दिन दोपहर को शुरू हुयी। 13 घंटे तक बिजली गुल रहने से पेयजल का संकट पैदा हो गया। लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए। अंडरग्राउंड लाइन में फाल्ट को ठीक कर सप्लाई शुरू की गयी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार की रात 11 बजे अचानक बिजली गुल हो गयी। रात को लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। लेकिन बिजली सप्लाई शुरू नहीं हुई। पूरी रात लोग गर्मी में परेशान रहे। शनिवार को सुबह पानी को लोग इधर उधर दौड़ते रहे। कुछ लोगों ने जनरेटर चला कर पेयजल संकट हल कर लिया जबकि 90 प्रतिशत उपभोक्ता बिजली शुरू होने का इंतजार करते रहे। रात को कुछ लोग सड़कों पर उतर आए और हंगामा करने लगे। शनिवार को दोपहर 12 बजे बिजली सप्लाई शुरू हुयी तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# अवनि परिधि से निकाले गए युवक जाएंगे कोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमओ कार्यालय की हठधर्मिता से गई नौकरी
- 52 युवकों को किया बेरोजगार, सबूत के साथ दायर करेंगे केस

अमृत विचार : 2018 में अवनि परिधि कंपनी द्वारा लगाए गए युवक युवतियों को दो साल बाद निकाल दिया गया। अब वहीं युवक सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। न्याय नहीं मिलता देख अब अदालत का दरवाजा खटखटाने को तैयार हैं। पीड़ित युवकों ने कहा उनके पास सबूत हैं इसलिए जीत उनकी ही होगी।

2018 में अवनि परिधि कंपनी ने स्वास्थ्य विभाग के 108 पदों पर संविदा कर्मी भर्ती किए थे। जो सीएचसी और पीएचसी पर वार्ड ब्यॉय, चपरासी, चौकीदार आदि पदों पर काम कर रहे थे। करीब दो साल तक इन लोगों ने काम किया। उन्हे मानदेय भी दिया गया। कोरोना काल में इन लोगों ने काम किया जिसकी सराहना की गयी। लेकिन 2020 में उन्हें हटा दिया गया। करीब 52 युवक युवतियों से कहा गया कि उनकी नियुक्ति गलत हो गयी है इसलिए उन्हे हटाया जाता है। अब वहीं युवक युवतियों सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। युवकों ने बताया कि उक्त कंपनी ने उन्हे निकाल कर फिर से 52 युवाओं को संविदा पर जगह जगह नियुक्ति दे दी। आरोप है कि सीएमओ कार्यालय द्वारा मोटी रकम लेकर नए युवकों को संविदा पर रखा गया है।



सीएमओ कार्यालय पर खड़े युवक युवतियां। ● अमृत विचार

निकाले गए गजेंद्र ने बताया कि अब उन लोगों को सीएमओ कार्यालय से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है इसलिए कोर्ट जाने की तैयारी कर ली है। उनके पास नौकरी के पक्के सबूत हैं उन्ही के आधार पर वह लोग लड़ाई लड़ेंगे। युवतियों ने कहा कि वह अपने बच्चों को लेकर आती हैं कुछ अपने घर पर छोड़ कर आती है मगर यहां पर कोई सुनने को तैयार नहीं है। करीब दस दिन से वह लोग यहां पर आ रहे हैं। सीएमओ बात करने को तैयार नहीं है। वर्जन

सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि उनके हाथ में कुछ नहीं है। जिस कंपनी से वह लोग आए हैं उसी कंपनी से बात करनी चाहिए। यदि उनका पैसा भी रुका है तो कंपनी से बात करें। यहां पर धरना देने से कोई लाभ नहीं होगा।

### उमस में लोगों का छूटा पसीना, दोपहर में रिमझिम बारिश से मिली राहत

बदायूं, अमृत विचार : मौसम के रुख बदलने से हर कोई हैरान है। सुबह घने बादल छाए थे। ठंडी हवाएं चल रही थीं। लोगों को लगा कि अब बारिश हो जाएगी। लेकिन कुछ देर बाद ही मौसम साफ हो गया और चटक धूप निकली। इसके बाद उत्पन्न हुई उमस ने लोगों का पसीना निकाल दिया। सड़कों और बाजार में सन्नाटे की स्थिति बन गई। दोपहर बाद कुछ रिमझिम बारिश हुई। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली। महीने की शुरुआत में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 15 जून के बाद मौसम बदला। तीन से चार दिन तक बारिश हुई। प्री मानसून ने समय से पहले ही दस्तक दे दी थी। 22 जून के बाद मानसून दगा दे गया। धूप छांव वाला मौसम बना हुआ है। जिससे उत्पन्न उमस लोगों का पसीना निकाल रही है। शनिवार की सुबह बादल छाए हुए थे। ठंडी हवाएं भी चल रही थीं। सात बजे के बाद चिलचिलाती धूप खिल उठी। धूप खिलने पर उमस पैदा हो गई। जिससे लोग व्याकुल हो उठे। दोपहर के समय सड़कों और बाजार में सन्नाटा छा गया। तीन बजे के बाद मौसम बदला और रिमझिम बारिश होने लगी। करीब 15 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को काफी हद तक गर्मी से छुटकारा मिला।

### खाद्य विभाग ने सीज किया 350 लीटर राइस ब्रान तेल

बदायूं, अमृत विचारः खाद्य विभाग ने दूसरे जिले में बिक्री के लिए ले जाए जा रहे 350 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान तेल को सीज किया है। जिसकी अनुमानित लागत 50 हजार आंकी गई है। उसका सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी भगवत सिंह के द्वारा मनकापुर कौर स्थित अवनेश कुमार को वाहन चंदौसी मार्ग पर वाहन से 350 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान तेल ले जाते हुए पकड़ा। जांच करने पर तेल में मिलावट होने का उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद तेल को सील कर दिया। साथ ही सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। पकड़े गए तेल की बाजार की कीमत अनुमानित 50 हजार आंकी गई है। बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 117 साल पुराने रजिस्ट्रेशन एक्ट में होगा संशोधन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**बदायूं ने दिये सुझाव**

- मंडल स्तर पर सुझाव के लिए गठित हुई कमेटी, सहायक स्टांप ने सब रजिस्ट्रार को किया नामित
- डीआईजी स्टांप को दिए सुझाव, शासन में भेजी जाएगी रिपोर्ट ,घर बैठे हो सकेगी रजिस्ट्री

अमृत विचारः केंद्र सरकार पुराने रजिस्ट्रेशन एक्ट-1908 को बदलने के लिए बिल लाने की तैयारी कर रही है। इस बिल के आने से जमीन मकान की रजिस्ट्री का एक ही नियम होगा। रजिस्ट्री कराने के लिए निबंधन कार्यालय आने की जरुरत नहीं होगी। इसके लिए ऑनलाइन दस्तावेजों का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दस्तावेजों को आधार और पेन कार्ड से लिंक कर दिया जाएगा। एक्ट में बदलाव के लिए सुझाव मांगे गए हैं। बरेली मंडल स्तर पर टीम का गठन किया गया है। जिसमें बदायूं के दोनों सब रजिस्ट्रार को शामिल किया गया है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार ने डीआईजी स्टांप कार्यालय पहुंचकर अपने सुझाव दिए। दिए सुझाव शासन स्तर भेजे जांएगे।

सब रजिस्ट्रार मोहम्मद वसीम ने बताया कि 117 साल पुराने रजिस्ट्रेशन एक्ट-1908 को बदलने की कवायद हो रही है। इसके लिए सरकार बिल लेकर आएगी। बिल में बदलाव लाने के लिए प्रदेश भर से निबंधन कार्यालयों से सुझाव मांगे गए हैं। सुझाव मांगने के लिए मंडल स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है। बरेली मंडल स्तर पर डीआईजी स्टांप के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत के सब रजिस्ट्रार को शामिल गया है। सभी ने अपने अपने सुझाव दिए हैं। बताया कि कमेटी ने रजिस्ट्रेशन एक्ट के जटिल नियमों को सरल बनाने और रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बिंदुवार सुझाव विभाग को सौंपे हैं। सुझावों की समीक्षा के बाद रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाएगी।

**बीस बिंदुओं पर दिए गए हैं सुझाव**

सब रजिस्ट्रार की मानें तो रजिस्ट्री के सारे काम मैनुअल की जगह डिजिटल किए जाएंगे। हर तरह की प्रॉपर्टी को आईडी आधारित किया जाएगा। फर्जी रजिस्ट्री की जानकारी होने पर उसे निरस्त करने के लिए सब रजिस्ट्रार के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। सभी दस्तावेज को ऑनलाइन अपलोड करने सहित 20 से ज्यादा बिंदुओं पर सुझाव भेजे गए हैं। साथ ही ऑनलाइन व्यवस्था में होने वाली समस्याओं और उनके समाधान के लिए भी सुझाव दिए गए हैं। कहा गया कि शासन स्तर पर सभी मंडलों से सुझाव मिलने के बाद रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी।

#### देशभर में रजिस्ट्री का होगा एक नियम

सब रजिस्ट्रार ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए रजिस्ट्री बिल के तहत देशभर में जमीन-मकान की रजिस्ट्री का एक नियम होगा। ऑनलाइन रजिस्ट्री की जाएगी। भूमि संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिए किसी को निबंधन कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। इसके लिए सभी दस्तावेजों का विक्रय अनुबंध, पावर ऑफ अटॉर्नी और अन्य दस्तावेजों का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दस्तावेजों को आधार कार्ड और पैन कार्ड से लिंक किया जाएगा। दस्तावेज ऑनलाइन करने के बाद सब रजिस्ट्रार पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्री के दस्तावेज जाएंगे। वे इसकी पड़ताल करेंगे और शक होने पर उसे रोक देंगे। इसके बाद ऑनलाइन ही रजिस्ट्री कर दी जाएगी।

> 117 साल पुराने रजिस्ट्रेशन एक्ट-1908 में बदलाव लाने का प्रयास हो रहा है। प्रदेश के सभी मंडलों के निबंधन कार्यालय से सुझाव मांगे गए है। बरेली मंडल स्तर पर कमेटी का गठन हुआ है। जिसमें सदर तहसील के दोनों सब रजिस्ट्रार को शामिल गया था। सभी ने डीआईजी स्टांप कार्यालय पहुंचकर अपने सुझाव दिए हैं। सभी के सुझाव शासन स्तर पर भेजे जाएंगे। - **सीपी मौर्य**, सहायक निबन्धन आयुक्त

### पुलिस ने पकड़ा 25 पीपा सरसों का तेल, सैंपल लिए

विजय नगला, अमृत विचार : मूसाझाग थाना क्षेत्र की नगर पंचयात गुलड़िया में लंबे समय से बेचे जा रहे नकली तेल के 25 पीपे पुलिस ने पकड़े है। खाद्य विभाग ने थाने पहुंच कर तेल का सैंपल लिया है शुक्रवार रात ई-रिक्शा से शहर से नगर पंचायत के वार्ड तीन में लगे स्पेलर पर सरसों का तेल पहुंचाया जा रहा था। ई-रिक्शा में सरसों का 25 पीपा में लगभग तीन कुंतल नकली तेल था। गांव के युवक ने मूसाझाग पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस ने पीपा लदे ई-रिक्शा को मय चालक पकड़ लिया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने थाने का सैंपल लिया। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा में 25 पीपा सरसों का तेल मिला है। खाद्य विभाग ने सैंपल लिये हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

# जिले को मिलेंगे पांच नए डॉक्टर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन स्तर से मिली हरी झंडी, ज्वाइन करने पर सस्पेंस
- जिला अस्पताल और सीएचसी पर होगी तैनाती

अमृत विचार : जिले में लंबे समय से चली आ रही डॉक्टरों की कमी जल्द दूर हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग को जल्द ही पांच नए डॉक्टर मिलने जा रहे हैं। यह सभी डॉक्टर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत तैनात किए जाएंगे। इनकी नियुक्ति जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर की जाएगी, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा।

सीएमओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, आने वाले डॉक्टरों में दो ईएनटी (नाक, कान, गला) विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक मनोचिकित्सक शामिल हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ को जिला महिला अस्पताल, जबकि ईएनटी और बाल रोग विशेषज्ञ को जिला अस्पताल में तैनात किया जाएगा। बाकी दो डॉक्टरों को अलग-अलग सीएचसी में नियुक्त किया जाएगा। जनपद में वर्षों से डॉक्टरों की कमी बनी है। जिला अस्पताल में सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ और हृदय रोग विशेषज्ञ न होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। कई पीएचसी भी डॉक्टरों के अभाव में सप्ताह में दो-तीन दिन ही खुलती हैं। जून में डॉक्टरों के आने की संभावना जताई गई थी, मगर कोई डाक्टर नहीं आया।

#### डॉक्टरों की तैनाती से पहले ज्वाइनिंग पर संशय

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से भले ही डॉक्टरों की तैनाती की गई है, लेकिन यह देखना होगा कि वे ज्वाइन करते हैं या नहीं। इससे पहले भी दो डॉक्टरों की पोस्टिंग जिले में हुई थी, मगर उन्होंने यहां आकर कार्यभार नहीं संभाला।

#### एक साल से बाल रोग विशेषज्ञ का इंतजार

जिला अस्पताल में पिछले वर्ष शाहजहांपुर से आए एक बाल रोग विशेषज्ञ ने कुछ समय के लिए ज्वाइन किया था, लेकिन वे जल्द ही चले गए और फिर लौटकर नहीं आए। ऐसे में नए डॉक्टरों की तैनाती को लेकर विभाग फिलहाल केवल उम्मीद पर टिका है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि डॉक्टर कब तक कार्यभार संभालेंगे, लेकिन शासन स्तर से आई सूची ने स्वास्थ्य विभाग और आम जनता दोनों में ही उम्मीद जगा दी है कि अब स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

### पांच करदाता भामाशाह पुरस्कार से हुए सम्मानित

बदायूं,अमृत विचार : भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पांच बड़े करदाताओं को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने यदु शुगर मिल, आहूजा ऑटो सेल्स, शिव एरोमेटिक,दूल्हे खान एंड संस, सुपर बीडी सरकार को सम्मानित कियास। केंद्रीय मंत्री ने जनपद की राजस्व प्राप्ति के लिए व्यापारी बंधुओं का मनोबल बढ़ाया गया। कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था में व्यापारियों का अहम योगदान रहता है और सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। व्यापारियों का सम्मान करना गर्व की बात है। उपायुक्त डॉ संजीव पाठक द्वारा विगत पांच वर्षों में हुई राजस्व वृद्धि के लिए व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण के अलावा उपायुक्त राज्य कर विजय सोनी, भी मौजूद रहे।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 ( NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777

APPOINTMENT नियुक्ति
V.A.U. VARUN ARJUN UNIVERSITY
FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
|---|---|
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com
Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement In the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# वैश्विक पहचान: ई कामर्स प्लेटफॉर्म पर बिकेंगे दीदियों के बनाए उत्पाद

## उत्पाद बिक्री करने के लिए मिला फ्लिपकार्ट प्लेटफॉर्म, उत्पाद का अच्छा रेट मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


डायट में आयोजित ई – कॉमर्स कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की बिक्री के लिए पंख लगेंगे। उनके उत्पादों की दुनिया भर में बिक्री होगी। उत्पादों की बिक्री के लिए फ्लिपकार्ट प्लेटफार्म मिल गया है।

शनिवार को ऑडिटोरियम में आयोजित ई-कॉमर्स कार्यशाला में फ्लिपकार्ट की टीम ने महिलाओं को उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए प्रशिक्षित किया। जिला प्रशासन एवं पॉलिसी वॉच इण्डिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने आरंभ कराया। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर उन्हें सराहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य देश की 5 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखने कहा। कहा कि मार्केट की डिमांड के अनुसार और अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद बनाएं, जिससे उनके उत्पाद देश व दुनिया में मांग बढ़ जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि देश की तरक्की के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसका एक ज्वलंत उदाहरण है। जिले में करीब 02 लाख स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हैं। जो अपने परिवार को संबल बनाने का कार्य कर रही हैं।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद को अगर अच्छा मार्केट मिल जाता है तो उसका रेट अच्छा मिलेगा।

आधुनिक निर्माण के तहत जनपद की लखपति दीदीयों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डिजिटल सक्षम बनाने की पहल के लिए ई-कॉमर्स प्रशिक्षण फ्लिपकार्ट के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। फ्लिपकार्ट के मुख्य कॉरपोरेट अफेयर्स अधिकारी रजनीश कुमार व पॉलिसी वॉच इण्डिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ आभा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

# 4 घंटे के अंदर ठीक करें जले ट्रांसफार्मर

● **पावर कार्पोरेशन की एमडी ने कम राजस्व वसूली पर फटकारा**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मध्यांचल प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने शनिवार को बिजली विभाग अधिकारियों की बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की और अधिक लोड के चलते फुंक रहे ट्रांसफार्मरों को लेकर फटकार लगाई।

पावर कारपोरेशन मध्यांचल की प्रबंध निदेशक शनिवार सुबह विकास भवन पहुंची। उन्होंने अधीक्षण अभियंता और चारों अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि उपभोक्ताओं की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। यदि कहीं ट्रांसफार्मर फुंकता है तो उसे चार घंटे के अंदर ठीक कर उक्त स्थान पर लगाया जाए।

कहा कि जनपद में राजस्व वसूली ठीक नहीं है। उपभोक्ताओं से वसूली की जाए। जिले मे बड़े बकाएदारों से वसूली की जाए। राजस्व वसूली के लिए रोडमैप बना कर अभियान चलाया जाए। एमडी ने कहा कि यदि राजस्व वसूली कम होगी तो विभाग को जवाब देना मुश्किल होगा।

समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने कहा कि जिले में कुछ क्षेत्रों में अधिक लोड के चलते लाइनों के टूटने की खबरें मिल रही हैं अधिकांश क्षेत्रों में जर्जर लाइनें बदल दी गयी हैं।

ट्रांसफार्मर फुंकने पर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाता है जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी न हा। उन्होंने बताया कि जिले के चारों मंडलों में नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाता है। किसी तरह की दिक्कत नहीं है। इस मौके पर चारो अधिशासी अभियंताओं से उनके क्षेत्र के बारे में जानकारी ली गयी। अवर अभियंता और एसडीओ को विद्युत केंद्रों पर रहने के निर्देश दिए।

## बोरिंग करते समय मिस्त्री सहित दो झुलसे

**म्याऊं, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव रोड़ा धर्मपुर में बोरिंग करते समय मिस्त्री सहित दो लोग हाईटेंशन लाईन से झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। क्षेत्र के गांव रोड़ा धर्मपुर में खेत पर शनिवार सुबह 10 बजे राजेंद्र के ट्यूबवैल के लिए बोरिंग हो रहा था। उसी समय बोरिंग के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की लाईन से पाईप टच हो गया। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव माधुरी नगला निवासी धर्मवीर (35) पुत्र ओमप्रकाश और राजेंद्र के बेटा विनेश पाईप पकड़े थे जिन्हें करंट लग गया। वह दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।

# संविदा कर्मियों ने एमडी को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार को बदायूं पहुंची मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने मुलाकात की। प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन के नेतृत्व में संविदा कर्मियों ने अपनी समस्याओं को प्रबंध निदेशक के समक्ष रखा और छंटनी व वेतन भुगतान में देरी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

संविदा कर्मियों ने बताया कि 23 मई 2025 को पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन और संघ के बीच बैठक में कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी, बावजूद इसके अप्रैल और मई माह का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। यह स्पष्ट किया गया कि नियमों के अनुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन देना अनिवार्य है, और विलंब होने पर कार्यदाई संस्था पर प्रति कर्मचारी प्रतिदिन 100 रुपये का जुर्माना भी निर्धारित है। इसके बावजूद संविदा कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। संघ के मध्यांचल उपाध्यक्ष प्रेमपाल प्रजापति ने मांग की कि छंटनी में हटाए गए कर्मचारियों को पुनः समायोजित किया जाए, प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने संविदा कर्मियों को आश्वासन दिया कि वे धैर्य बनाए रखें, उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

इस दौरान ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह, रंजीत सिंह, टीटू पटेल, जापान सिंह, श्रीकृष्णा, तपिश पटेल, विपिन कुमार, सुमित पटेल, लालू यादव, राकेश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# छापामारी के विरोध में निकाला पैदल मार्च


कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बीज व्यापारी सेवा समिति के प्रांतीय आह्वान पर जिला बीज व्यापार संघ और व्यापार मंडल ने दुकानों पर छापामारी करके सैंपलिंग करने, व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पैदल मार्च निकाला और डीएम कार्यालय जाकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

जिला बीज व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा ने कहा कि कृषि विभाग खाद, बीज, कीटनाशक की दुकानों पर छापामारी करके व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। लाइसेंस तक निलंबित किया जा रहा है। इससे प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व जिला बीज व्यापार संघ के संरक्षक विपिन अग्रवाल ने उर्वरक निर्माता कंपनियां से प्राप्त होने पर वाले उर्वरक प्रक्रिया की कमियां बताईं। संयोजक आदित्य गुप्ता व महामंत्री मोहित गर्ग ने कहा कि विभाग कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर व्यापारी के खिलाफ लाइसेंस निलंबन और मुकदमा लिखाने की कार्रवाई कर रहा है। कीटनाशक अधिनियम की धारा 30 (3) के तहत व्यापारियों को साबित करने के लिए समय दिया जाना चाहिए कि वह उन्होंने कंपनी के मूल उत्पादन में बिना छेड़छाड़ किए माल बेचा है। पूरी जवाबदेही निर्माता कंपनी की है विक्रेता की नहीं।

कीटनाशक अमान्य पाए जाने पर निर्माता कंपनी की जवाबदारी हो। ऋषि अग्रवाल ने कहा कि शासन से निर्धारित रेट पर व्यापारियों को फर्टिलाइजर दिलाया जाए। शनिवार को सांकेतिक प्रादेशिक बंदी की है। अगर मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो बेमियादी हड़ताल होगी। विरोध प्रदर्शन को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केबी गुप्ता व शिवस्वरूप गुप्ता ने समर्थन दिया। आशु गर्ग, व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री पवन जैन, मोहित गर्ग, उमेश शर्मा, अरविंद गुप्ता, जमुना प्रसाद, कलरव गुप्ता, दीपक रस्तोगी, नवनीत गुप्ता, बिशन मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## दुकान बंद रख जताया विरोध

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** कस्बा में शनिवार को खाद बीज की दुकानें बंद रही। इस समय धान की रोपाई तेजी से हो रही है। दुकानदारों ने रासायनिक उर्वरकों की बिक्री में असमानता का विरोध जताया। दुकानदारों कहना था कि जब तक निर्धारित मूल्य पर उर्वरक विक्रेताओं को वितरण न हो तब तक जिले में उर्वरक की आपूर्ति ना की जाए। ई पॉश मशीन के लिए एक रजिस्टर भी दिया जाए। महंगे दर पर खाद खरीद कर नुकसान नहीं कर सकते। खाद सेंटर से खाद ओवररेटेड कर दी जाती है, जिससे किसानों को अधिक रेट में देने में दिक्कत होती है। विक्रेताओं ने कृषि इकाई केंद्र पर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है।

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Journalism/Mass Communication)
● BA (Hons.) in English
● BA (Hons.) in Political Science
● BA (Hons.) in Sociology
● BA (Hons.) in Economics
● BA (Hons.) in Psychology
● B. Lib.
PG Programs
● MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
● MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
● MA (Translation Studies)
● MA (Applied & Clinical Psychology)
● M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# अब स्कूली बच्चे सीखेंगे उन्नत खेती की बारीकियां, एक्सपोजर विजिट योजना शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कृषि क्षेत्र में आ रहीं नई-नई चुनौतियों का सामना करने के गुर सीखने का मिलेगा मौका
- ऑर्गेनिक फार्मिंग तथा ग्रीन हाउस फार्मिंग की जानकारी को दूसरे प्रांत में भेजे जाएंगे विद्यार्थी

**अमृत विचार :** भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां की 80 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। इस पारंपरिक व्यवसाय को अब शिक्षा से जोड़ने की पहल की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एक्सपोजर विजिट योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को उन्नत खेती, ग्रीन हाउस फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स और ऑर्गेनिक फार्मिंग की जानकारी दी जाएगी।

नए शैक्षणिक सत्र से लागू इस योजना के तहत छात्रों को डीआरडीओ, आईसीएआर, इसरो, आईआईएम, आईआईटी जैसे राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों, सरकारी कृषि फार्मों और अन्य कृषि संगठनों का भ्रमण कराया जाएगा। बच्चों को देश के अलग-अलग जिलों और प्रदेशों में स्थित इन संस्थानों तक ले जाकर कृषि क्षेत्र में आ रही नई-नई चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन और तकनीकी नवाचारों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।

**भ्रमण के बाद छात्र समाज को करेंगे जागरूक :** भ्रमण के दौरान जो कृषि ज्ञान बच्चे अर्जित करेंगे, उसे वे अपने परिवार और गांव के किसानों तक पहुंचाएंगे। इससे गांवों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग उन्नत खेती के प्रति प्रेरित होंगे।

### सरकार उठाएगी एक्सपोजर विजिट का पूरा खर्च

इस योजना के तहत प्रदेश में भ्रमण करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकार प्रति छात्र 500 रुपये और प्रदेश के बाहर भ्रमण करने पर प्रति छात्र 5000 रुपये खर्च देगी। इससे बच्चों पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा और वे खुलकर नई चीजें सीख सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा एक नई और अभिनव पहल की गई है, जिससे विद्यार्थियों को कृषि के आधुनिक स्वरूप को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को नवंबर माह के बाद भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। इस योजना का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। - **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence

**Faculty of Paramedical Sciences**

Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open

Session 2025-26

Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL**

Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

**Rohilkhand College of Paramedical Sciences**

Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open

Session 2025-26

BIUCOP BAREILLY

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

**BIU COLLEGE OF PHARMACY**

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

**ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY**

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942

Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**BIU College of Management**
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com

biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# युवक का गला घोंटा, शव जमीन में दबाने का प्रयास

## गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति ने की हत्या, परिजन ने देखा शव छिपाने को कमरे में खोदा था गड्ढा

संवाददाता, ओरछी



युवक की हत्या के बाद विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार



परिजन और ग्रामीणों से जानकारी करते सीओ बिसौली सुनील सिंह व थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह।

**अमृत विचार :** शराब का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति ने युवक की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वह शव को कमरे में गड्ढा खोदकर दफन करने की तैयारी में था। युवक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ कमरा खुलवाया तो युवक का शव बरामद हुआ। उनके गले में रस्सी बंधी थी। सूचना पर थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह और सीओ बिसौली सुनील कुमार सिंह पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। लोगों को किसी भी समय देशी शराब उपलब्ध हो जाती है। अब आरोपी ने रुपयों के लेनदेन में हत्या कर दी। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ बुद्धि सिंह (25) पुत्र ओमप्रकाश मौर्य शुक्रवार देर रात अपने घर से लापता हो गए थे। परिजनों को लगा कि वह खेत पर गए होंगे। शनिवार की सुबह तक वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की थी। कुछ ही देर में उनके लापता होने की चर्चा पूरे गांव में फैली। लोगों ने परिजनों को बताया कि धर्मेंद्र को गांव निवासी व अवैध रूप से शराब बेचने वाले राजपाल पुत्र हीरालाल के घर की ओर जाते देखा था। परिजन राजपाल के घर गए और धर्मेंद्र के बारे में पूछा। राजपाल ने मना किया कि धर्मेंद्र उनके पास नहीं आए। चाहो तो घर के भीतर देख लो। जिसके बाद परिजन वापस लौट गए। किसी ग्रामीण ने परिजनों से कहा कि राजपाल के घर का कमरा खुलवाकर देखो। परिजन दोबारा राजपाल के घर गए और कमरा खुलवाने को बोला तो वह हड़बड़ा गया। उसने कमरा खोलने से मना कर दिया। जिसके चलते काफी देर तक हंगामा होता रहा। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। कमरे का दरवाजा खोला तो भीतर धर्मेंद्र का शव उल्टा पड़ा था। उनके गले में रस्सी बंधी हुई थी। पास में डंडा पड़ा था। कमरे में एक गड्ढा खुदा था। परिजनों में चीत्कार मच गई। दोनों के परिवारों में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। मृतक के पिता ओमप्रकाश मौर्य ने फैजगंज बेहटा पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष और सीओ मौके पर पहुंचे। आरोपी राजपाल को मौके से पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

- मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने मौके से हत्यारोपी को किया गिरफ्तार



मृतक धर्मेंद्र

### हत्या में किसी और के होने का भी अंदेशा

मृतक की भाभी अंजू ने बताया कि धर्मेंद्र कई साल से जिला संभल के कस्बा चंदौसी में अपनी पत्नी ममता और दो बेटियां कनक व वंशिका के साथ रहते थे। ममता गर्भवती हैं। धर्मेंद्र का चंदौसी से गांव आना-जाना लगा रहता था। शुक्रवार शाम वह कुछ देर में वापस आने की बात कहकर घर से गए थे। सुबह पता चला कि शराब का अवैध कारोबार करने वाले राजपाल ने हत्या कर दी है। कहा कि 60 साल का राजपाल 25 साल के धर्मेंद्र की हत्या कैसे कर सकता है। अंदेशा लगाया कि हत्याकांड में राजपाल के साथ अन्य लोग भी हो सकते हैं।

# थाना दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** डीएम अवनीश राय ने एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह के साथ थाना बिनावर में थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 7 लोगों ने शिकायतें कीं। उनकी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए। अफसरों ने कावड़ यात्रा व मोहर्रम पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का आवाहन किया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यदि कोई घटना होती है तो इसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दें। ताकि समय रहते निदान कराया जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व राजस्व वादों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करें।

### बिल्सी में दो शिकायतों का हुआ निराकरण

**बिल्सी,अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में माह के चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव और कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान यहां कुल आठ शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र दो का ही मौके पर समाधान हो सका। शिकायती पत्रों में ज्यादातर मामले जमीन के विवाद और पुलिस से जुड़ी समस्याओं से संबंधित थे। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य, अशोक कुमार, भानु प्रताप सिंह, निखिल कुमार, मोहित कुमार नैन, संजीव कुमार, रचना देशवाल एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौजूद रहे।

# कहासुनी के बाद हुई मारपीट, ग्राम प्रधान घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव जरावन में शुक्रवार रात एक शादी की दावत में ग्राम प्रधान पर कुछ दबंग लोगों ने मामूली कहासुनी होने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित प्रधान ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

गांव निवासी यादराम के बेटी की शादी की दावत चल रही थी। ग्राम प्रधान बहोरन सिंह अपनी पत्नी के लिए खाना लेने के लिए गए थे। जहां गांव के शिशुपाल आदि से कहासुनी हो गई। जिसके बाद शिशुपाल आदि ने लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट करना शुरु कर दी।

प्रधान घायल हो गए। शनिवार सुबह प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# महिला और बेटी को ले जाने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

संवाददाता, बिल्सी

- महिला पर धर्म परिवर्तन का दवाब बना रहा था तांत्रिक
- पकड़ने के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी डेरा डाले रही पुलिस

**अमृत विचार :** बिल्सी पुलिस ने हिंदू महिला और उसके बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुस्लिम तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया। जो शुक्रवार को नगर के बदायूं बस स्टैंड के पास महिला और उसकी बच्ची को छोड़ गया था। पुलिस ने आरोपी तांत्रिक पर कार्रवाई करने के बाद जेल भेजा है।

सीओ संजीव कुमार सिंह ने बताया 21 मार्च को बिल्सी नगर के एक मोहल्ले रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का एक तांत्रिक पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस की टीमें लगातार प्रदेश समेत आसपास के अन्य प्रदेशों में इसकी बरामदगी के लिए प्रयास कर रही थी, लेकिन तीन माह के बाद पुलिस के अथक प्रयासों से आरोपी को शनिवार की दोपहर नगर के सिरासोल स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी तांत्रिक शाकिर हुसैन है और गांव रिसौली का रहने वाला है। तांत्रिक पर महिला के साथ कई बार दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप है। फिलहाल पुलिस ने महिला और उसकी बच्ची को बरामद कर लिया और तांत्रिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सबसे पहले कासगंज, बहराइच, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा समेत कई प्रदेशों में डेरा डाले रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। तीन महीने की मेहनत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# गार्ड को बंधक बनाकर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फैक्ट्री के मालिक को फोन करके सूचना देने के बाद फैक्ट्री पहुंचे थे कुछ लोग

**अमृत विचार :** उझानी की एक कंपनी के गार्ड को बंधक बनाकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। उनके साथ जमकर मारपीट की गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला नेकपुर की गली नंबर एक निवासी अतुल कुमार ने तहरीर में बताया कि वह एक कंपनी में गार्ड के पद पर नौकरी करते हैं। 26 जून की शाम से सुबह 7 बजे तक 12 घंटे तक उनकी ड्यूटी थी। ठेकेदार अक्षय कंपनी में कबाड़ की कटिंग का काम करा रहे थे। उनकी ड्यूटी के दौरान ठेकेदार रात में ई रिक्शा में दो वेल्डिंग सिलेंडर लेकर निकले। वह फैक्ट्री के दूसरे गेट पर फैक्ट्री की लेबर को निकाल रहे थे। इसी दौरान ठेकेदार के लोगों ने गेट नंबर दो खोला और सामान लेकर चले गए। कंपनी के कर्मचारी राकेश ने बाइपास पर ई-रिक्शा रुकवाकर चेक किया। जिसमें सिलेंडर के अलावा तांबा भी छिपा था। राकेश ने फैक्ट्री के मालिक यश गोयल को सूचना दी। आरोप है कि रात को ही यश गोयल के परिजन अपने दोस्तों के साथ शराब के नशे में फैक्ट्री पर आए और उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडों से पीटने लगे। इससे अतुल बेहोश हो गया। उनका मोबाइल तोड़ दिया गया। एक लोग प्लास लेकर आया और नाखून निकालने और जान से मारने की धमकी देकर बंधक बनाकर अपने आवास ले गये जहां पूरी रात बांधकर कमरे में डाल दिया। अगले दिन सुबह अतुल को कंपनी में उसी हालत में छोडकर चले गये। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



मारपीट से पैर में पड़े निशान।

### 2575 बूथ पर आयोजित होंगे भाजपा के कार्यक्रम

**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 29 जून को जिले के 2575 बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस व मन की बात, एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में कराया जाएगा। हर बूथ पर कार्यक्रम होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना जाएगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित होगी। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत हर बूथ पर कम से कम 10 पौधे जरूर रोपे जाएंगे। आयोजन सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ समिति व पन्ना प्रमुख करेंगे।

# राइफल छीनने पर पुलिस ने मारी गोली, पकड़ा आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुक्रवार रात अलापुर में उघैनी मार्ग पर गश्त कर रही थी पुलिस

**अमृत विचार :** गश्त के दौरान अलापुर पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली। उसके पास से रुपये, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने चोरी करने की बात कबूल की और दो बाइकें छिपाने के बारे बताया। पुलिस उसके बताए स्थान पर पहुंची तो उसने सिपाही की राइफल छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार रात क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी। गांव उघैनी जाने वाले मार्ग पर एक युवक को पकड़ा। जिसने अपना नाम ककराला के वार्ड 12 निवासी आरिफ पुत्र सद्दाम बताया। जिसके पास से दस हजार रुपये, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद रुपये उसने साथी फजर अली के साथ एक घर से चोरी किए थे। दोनों मिलकर बाइकें भी चुराते हैं। चोरी की दो बाइकें झाड़ी में छिपाई हैं। पुलिस उसे लेकर मौके पर गई। जहां आरिफ ने सिपाही सोबित कुमार की राइफल छीनकर भागने का प्रयास किया, जिसमें सोबित कुमार घायल हो गए। ककराला चौकी प्रभारी ने फायर किया। गोलीआरिफ के दाहिने पैर में लगी। घायल आरिफा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# रेत पर बाइक फिसली तो पुलिस पर किया फायर

**बदायूं, अमृत विचार :** उसहैत पुलिस ने शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान युवक को भागने और पुलिस पर फायर करने पर किए जवाबी फायर के बाद पकड़ा है।

गांव किशनी खेड़ा चौराहा स्थित बांध पर चेकिंग कर के दौरान बाइक न रोककर अटैना के जंगल की ओर मोड़ दी। 50 मीटर दूर वह रेत में फिसल गया। उसने पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया तो गोली उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम उसहैत क्षेत्र के गांव हरेंडी निवासी कदीर पुत्र शकील बताया।


अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्व जनमानस को सूचित किया जाता है की थाना जलालाबाद परिसर में स्थित एक नीम के पेड़ की नीलामी दिनांक 29/6/2025 को समय सुबह 10 बजे थाना पर होगी इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग ले सकते हैं।

आज्ञा से

राजीव कुमार (प्रभारी निरीक्षक)

थाना जलालाबाद

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रितिक कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सोनपाल पुत्र ब्रजलाल नि. ग्राम टाह ब्लाक व थाना बण्डा तह. पुवायां जनपद शाहजहांपुर**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र वेवी सिंह एवं उसकी पत्नी पूनम देवी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रतीपाल सिंह पुत्र देवी सिंह नि. ग्राम चिकटिया थाना बण्डा, शाहजहांपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. ताहिर को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नबी अहमद पुत्र श्री नन्नू निवासी ग्राम मल्सा खेडा थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. आलमगीर को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मो. कदीर पुत्र स्व. श्री अब्दुल खुर्शीद निवासी 176 मलूकपुर तलैया थाना किला जिला बरेली। मो. 9457007061**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230825445 का अंक पत्र कहीं खो गया है जिसे काफी तलाश किया मगर कहीं नहीं मिला है। **तेज बहादुर वर्मा पुत्र श्री श्याम बिहारी निवासी ग्राम लौगपुर तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**

एक लड़की या महिला की, जो गर्ल्स होस्टल में रहकर सुपरविजन और खाना बनाने का कार्य कर सके। आकर्षक वेतन रहना खाना साथ में।

सम्पर्क करें

**रामपुर गार्डन, बरेली।**

**मो. 9634260005, 9412148721**

# सृजन से लोकमंगल

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है- सीयराम मय सब जग जानी करऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।


शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

> इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।



इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथः प्रेम और शांति का संदेश



जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।


प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।


अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# आम तोड़ रहे थे ग्रामीण, बाघिन देख अटकी रहीं सांसें

## ग्रामीणों के शोर-शराबा करने पर भागी बाघिन, तब कहीं जाकर 20 मिनट बाद पेड़ से नीचे उतरे

संवाददाता, पीलीभीत/मझोला

**अमृत विचारः** अमरिया क्षेत्र में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे ग्रामीणों के उस समय होश उड़ गए, जब उन्होंने पास में बह रहे नाले के पास बाघिन को बैठे देखा। घबराए ग्रामीणों ने मोबाइल फोन से गांव वालों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी वानिकी टीम भी पहुंच गई। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। शोर-शराबा करने पर बाघिन चंद कदम की दूरी पर उत्तराखंड राज्य के खेतों में चली गई। तब कहीं जाकर पेड़ पर चढ़े ग्रामीण नीचे उतरे। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से वनकर्मियों की टीम मौके पर भी मौजूद है।

जनपद का अमरिया क्षेत्र पूर्व वर्षों में बाघों का गढ़ रहा है। जंगल क्षेत्र से करीब 30 किमी दूर अमरिया के रिहायशी इलाकों समेत देवहा नदी के किनारे वन्यजीवों की लगातार चहलकदमी देखी जाती रही है। पिछले कुछ दिन से यहां एक बाघिन अपने दो शावकों के घूमते देखा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से बाघिन रानी कॉलोनी के ईदगिर्द मंडरा रही है। बीते शुक्रवार सुबह बाघिन ने रानी कॉलोनी के पास नोनी गोपाल के खेत में एक छुट्टा पशु पर हमला कर मार डाला था। सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी थी। इधर शनिवार दोपहर बाद रानी कॉलोनी निवासी संतोष मिस्त्री गांव के कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ अपने खेत में लगे आम के पेड़ों से आम तोड़ने गए थे। संतोष मिस्त्री समेत चार-पांच लोग पेड़ों पर चढ़कर आम तोड़ ही रहे थे कि इस बीच कुछ लोगों की नजर नीचे बह रहे नाले के पास बैठी बाघिन पर पड़ी। बाघिन को देखते ही सभी के होश उड़ गए। ग्रामीण बाघिन के डर से पेड़ से नीचे उतरने का साहस नहीं कर सके। खुद को संभालते हुए एक ग्रामीण ने अपने मोबाइल फोन से गांव वालों को इसकी जानकारी दी। इस बीच इसकी सूचना सामाजिक वानिकी प्रभाग को भी दे दी गई। बाघिन होने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत के आसपास इकट्ठा होने लगे।


अमरिया में रानी कॉलोनी के पास नाले किनारे झाड़ियों में बैठी बाघिन।


बाघिन को देखने के लिए इकट्ठा हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **अमरिया क्षेत्र की रानी कॉलोनी में शनिवार दोपहर बाद हुई घटना, टीम मौके पर मौजूद**

### बरखेड़ा: बाघिन नहीं, शावकों के साथ घूम रहा तेंदुआ, निगरानी को लगाए कैमरे



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव काजरबोझी में एक दिन ग्रामीणों ने बाघिन को शावकों के साथ घूमने की सूचना दी थी। शनिवार को रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। टीम ने पगमार्क ट्रेस करने के बाद बाघिन न होने की बात कहते हुए तेंदुआ की मौजूदगी की बात कही है। फिलहाल तेंदुआ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दो ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। रेंजर से वनकर्मियों ने लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। काजरबोझी गांव के ग्रामीणों ने बीती शुक्रवार सुबह वन विभाग एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल को गांव से पश्चिम दिशा में करीब एक किलोमीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में एक बाघिन और दो शावक होने की सूचना दी थी, जिस पर बीसलपुर के रेंजर रोहित जोशी, वन दरोगा सुरेश गंगवार, वनरक्षक इकबाल अहमद को साथ लेकर गांव पहुंचे थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। इस दौरान पगमार्क भी ट्रेस किए गए। वन दरोगा सुरेश कुमार के मुताबिक खेत में तेंदुआ के पगमार्क मिले हैं। तेंदुआ के शावकों के साथ होने की जानकारी दी गई है।

## नौवें दिन हुआ कथा का समापन, प्रसाद वितरण आज

**उझानी, अमृत विचार :** सत्योदय शिक्षा निकेतन आवासीय इंटर कॉलेज वनगवां के प्रांगण में चल रही कथा का नौवें दिन समापन हो गया।

शनिवार को कथा के समापन पर कथा व्यास संत रवि जी समदर्शी महाराज ने कहा कि श्री राम के जीवन और उनके आदर्श वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक हैं। क्योंकि इस समय संस्कार विहीन शिक्षा के कारण समाज में बहुत सी कुरीतियों और कुसंस्कार बढ़ गए हैं। भगवान राम एक आदर्श पुत्र आदर्श राजा और महान स्वामी के रूप में अपने जीवन को चित्रित करते हैं। उन्होंने श्री रामचरितमानस के सभी प्रसंग को क्रमशः बहुत ही मार्मिक एवं सरल सहज भाषा में प्रस्तुत किया। भक्तों में कथा के प्रति अत्यधिक रुचि और आकर्षक बना रहा। प्रसाद वितरण और बाल भंडारा रविवार को होगा। कथा के दौरान आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, बिल्सी विधायक, हरीश शाक्य, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य,मित्रपाल उर्फ़ गुरु, वीर शिरोमणि ओम प्रकाश चौहान, ओम प्रकाश शर्मा, विजेंद्र सिंह सोलंकी, मुनेश सिंह, विजय सोलंकी, रामेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# तो क्या पहले पति की जायदाद में हिस्सा लेना चाहती है महिला

- **तहसील प्रशासन की जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य**
- **वायरल हुआ था महिला के गिरकर तड़पने का वीडियो**

**तिलहर, अमृत विचार :** पति की हत्या और कथित तौर पर दूसरी शादी करने के बाद पहले पति की विरासत में नाम दर्ज कराने के मद्देनजर तहसीलदार कोर्ट पहुंची महिला की कोर्ट के बाहर जमीन पर तड़पने की वायरल वीडियो मामले में चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए हैं। पति की मौत के सवा साल बाद बेटे को जन्म देने की पुष्टि होते ही विरासत की फाइल को रोक दिया गया। मामले की हकीकत का पर्दाफाश न हो जाए इसलिए योजनाबद्ध ढंग से महिला द्वारा गिरकर तड़पने का नाटक किया गया था।

7 जून 2020 को तहसील क्षेत्र के गांव चाकुलिया निवासी पातीराम की हत्या हो जाने के बाद पत्नी विमला देवी ने पति की विरासत की बाबत आवेदन किया था। इसमें महिला द्वारा गांव के ही दूसरे व्यक्ति से शादी किए जाने की चर्चा के चलते तत्कालीन लेखपाल दिनेश ने जांच आख्या दी। वर्तमान में फाइल तहसीलदार कोर्ट में विचाराधीन है। दो दिन पूर्व विमला देवी का तहसीलदार कोर्ट के बाहर जमीन पर तड़पने का वीडियो वायरल होने से खासा हड़कंप मच गया। मामले में पड़ताल में सामने आया कि पातीराम की हत्या के करीब सवा साल बाद 18 सितंबर 2021 को विमला देवी ने बेटे को जन्म दिया था। इसका सीएचसी निगोही से 28 सितंबर 2021 को जारी जन्म प्रमाणपत्र में बच्चे के माता विमला देवी तथा पिता का नाम सुखदेव तथा निवासी चाकुलिया दर्शाया गया है। विमला देवी द्वारा बच्चे का जन्म छिपाकर गांव सभा बथुई अक्का की प्रधान तथा पुवायां के गांव रहदेवा के प्रधान के पत्र लगाए गए। इनमें यह सिद्ध करने की कोशिश की गई कि विमला देवी ने दूसरी शादी ही नहीं की। विरासत के परिपेक्ष्य में विमला देवी 26 जून को तहसीलदार कोर्ट में पहुंची और बाहर निकलने के बाद उनके जमीन पर तड़पने की वीडियो वायरल हो गया। इसमें तहसीलदार ने महिला को घसीटकर बाहर निकाला जाना दर्शाया गया। इस बाबत पूछे जाने पर तहसीलदार जय प्रकाश यादव ने बताया कि पीड़ित महिला को उन्होंने तत्काल सीएचसी भिजवाया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में महिला के आने पर संबंधित क्षेत्र के लेखपाल को बुलाते ही उक्त महिला अभद्र भाषा का प्रयोग करती हुई कोर्ट से बाहर निकल गई थी। बकौल तहसीलदार प्रमाण पत्रों और साक्ष्यों के मुताबिक महिला ने पहले पति की वारिस बनने की साजिश रची है। जबकि पातीराम की मौत के सवा साल बाद विमला देवी पत्नी सुखदेव निवासी ग्राम चाकुलिया का बच्चे को जन्म प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

## मानसिक रोगी की मौत, अस्पताल में सड़ता रहा शव

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी राजीव कुमार सिंह मानसिक रोगी थे। बरेली के अस्पताल से उनका इलाज चल रहा था। वह 25 दिन पहले लापता हो गए थे। परिजनों आसपास तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका था। वजीरगंज पुलिस ने उन्हें 10 जून को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन उनके परिजनों के बारे में जानकारी न होने पर अस्पताल के रजिस्टर में सही नाम नहीं लिखा गया। जहां इलाज के दौरान 24 जून को उनकी मौत हो गई थी। स्टाफ ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। जिसके बाद अस्पताल और न ही पुलिस ने उनकी सुध ली। शव मोर्चरी में सड़ता रहा। शनिवार को मोर्चरी से दुर्गंध आई तो कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची। मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मंजूर की जिला कमेटी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कई महीनों से जनपद में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के माध्यम से अपने संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही थी। इसमें 25 प्रतिशत ओबीसी, 20 महिला, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 15 प्रतिशत एससी वर्ग को शामिल किया जाना अति महत्वपूर्ण था।

जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय को सारे मानकों के साथ जिला कमेटी भेज दी थी। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लंबी चौड़ी जिला कमेटी मंजूर कर दी। लक्ष्मीनारायण मिश्रा कोषाध्यक्ष, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रही सुनीता सिंह को उपाध्यक्ष बनाकर महिला कांग्रेस का प्रभारी, सुरेश चंद्र शुक्ला को उपाध्यक्ष बना कर फ्रंटल संगठनों का प्रभारी, फुरकान अहमद कुरैशी को उपाध्यक्ष बना कर प्रभारी संगठन, रईस मियां को उपाध्यक्ष बना कर जलालाबाद विधानसभा प्रभारी, दिनेश कुमार एडवोकेट को उपाध्यक्ष बना कर पुवायां विधानसभा प्रभारी, उपाध्यक्ष बनाकर अजय विक्रम सिंह को ददरौल विधानसभा प्रभारीरविपाल उपाध्यक्ष बनाकर शहर विधानसभा प्रभारी, अनिल श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष बना कर तिलहर विधानसभा प्रभारी, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि को उपाध्यक्ष बना कर कटरा विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव गौरव त्रिपाठी की सदस्यता अभियान व अन्य कार्य, संजय सक्सेना को कार्यालय प्रभारी, मनीष कोरी को कटरा विधानसभा प्रभारी, उन्नत मिश्रा मुल्लू को तिलहर, अनुज कुमारी पुवाया विधानसभा, बीएन सिंह यादव ददरौल, रामजी शुक्ला जलालाबाद विधानसभा, इरफान खान शहर विधानसभा, तस्दीक अंसारी को युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया। सुशील प्रकाश शर्मा को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।

# महिला की उपचार के दौरान मौत, हत्या करने का आरोप

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जनपद बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र के मोहम्मद गंज गोबरा गांव निवासी महीपाल सिंह ने बेटी रिंकी कुमारी (21 वर्ष) की शादी छह वर्ष पहले जुनावई थाना क्षेत्र के अजीजपुर के धर्मवीर सिंह के साथ की थी। रिंकी की 24 जून को हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से राहत नहीं मिलने पर दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को शाम उपचार के दौरान रिंकी की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। महीपाल सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए रिंकी की हत्या करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीआरपी ने भिखारियों को स्टेशन से किया बाहर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **यात्रियों की शिकायत पर जीआरपी ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** स्टेशन का प्लेटफार्म एक पागल और भिखारियों का अड्डा बन गया है। पागल और भिखारियों से यात्री काफी परेशान रहते है। यात्रियों ने रेल अधिकारियों से शिकायत की। जीआरपी ने पागल और भिखारियों को स्टेशन परिसर से बाहर किया।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक ओर सर्कुलेटिंग एरिया में पागल और भिखारी सुबह, दोपहर और शाम घूमते रहते है।

भीख मांगने वाली महिलाएं अपने-अपने छोटे बच्चों को लेकर प्लेटफार्म एक पर लेकर आ जाती है। छोटे बच्चे यात्रियों के पैर में लिपटकर भीख मांगा करते है। यदि कोई यात्री स्टाल पर सामान खरीद होता है तो भीख मांगने वाली महिलाएं और बच्चे स्टाल के पास पहुंच जाती है। इसके अलावा प्लेटफार्म पर पागल भी जाते है और उत्पात मचाते है।

जिससे यात्री डर के कारण अपना सामान लेकर इधर-उधर भागते है। पागल और भिखारियों द्वारा प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने पर सफाई कर्मचारियों से आए दिन नोकझोंक होती है। प्लेटफार्म जीआरपी और आरपीएफ की ड्यूटी रहती है। यात्रियों ने रेल अधिकारी से इस संबंध शिकायत की। जीआरपी के सिपाहियों ने त्रिवेणी एक्सप्रेस और राज्यरानी एक्सप्रेस के समय पागल और भिखारियों को स्टेशन परिसर से बाहर किया।

## मृतक के परिजनों का धरना 11वें दिन भी जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** शराब की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के परिजनों का डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में धरना 11वें दिन भी जारी रहा। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। कहा कि परिवार को न्याय दिलाकर रहेंगे। एफआइआर में नामजदों से पुलिस ने आज तक पूछताछ नहीं की। सरकार के इशारे पर हत्यारोपियों को बचाया जा रहा है। कांग्रेसी पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने न्याय मिलने तक सहयोग का आश्वासन दिया।

# मानसून काल में 4.9 इंच प्रति सप्ताह की दर से वृद्धि करता है गन्ना : वीके शुक्ल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गन्ना शोध परिषद के निदेशक वीके शुक्ल ने किसानों को सुझाव दिया। बताया कि शरदकालीन बावग गन्ना व बसंतकाल में समय से बोए गन्ने में ब्यांत अवस्था पूर्ण हो गई है। इसलिए किसान गन्ने में मिट्टी अवश्य चढ़ा दें। मिट्टी चढ़ाने से जहां एक तरफ गन्ना गिरता नहीं है वहीं गन्ने में अवांछित कल्लों की वृद्धि पर रोक लगता है। इससे पहले से निकले हुए कल्लो की वृद्धि तेजी से होती है उत्पादन अधिक होता है।

समय पर मिट्टी चढ़ाकर उन किस्मों से भी अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। इसमें ब्यांत बहुत अधिक होने के कारण गन्ने बहुत पतले रह जाते हैं। गन्ने में मिट्टी चढ़ाने के समय के बारे में शुक्ल ने बताया कि यदि एक हेक्टेयर में 1.5 से 02 लाख सूट्स (मातृ पौधे एवं कल्ले) हो गए हो तो मिट्टी तुरंत चढ़ा देना चाहिए। एक हेक्टेयर खेत में कल्लों की संख्या जानने के लिए खेत में चार से पांच जगहों पर एक मीटर में कुल कल्लों की संख्या गिन लेनी चाहिए। अगर एक मीटर में 20 से 22 कल्ले हो गए हो तो यह इस बात का सूचक है कि हमारे खेत में 1.5 लाख से अधिक कल्ले हो गए हैं। कहा कि मानसून काल जुलाई, अगस्त और सितंबर में गन्ना 4.9 इंच प्रति सप्ताह की दर से वृद्धि करता है। किसान मानसून काल में गन्ने की विशेष देखभाल करते रहें क्योंकि किसी कीट या बीमारी के प्रकोप के कारण 15 दिन भी यदि फसल प्रभावित रहती है तो बढ़वार पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया मानसून काल में पोक्का बोंइग बीमारी का प्रकोप अधिक होता है।

अतः नियन्त्रण के लिए कॉपर आक्सीक्लोराइड 0.2 प्रतिशत अथवा कार्बेंडाजिम 0.1 प्रतिशत का पत्तियों पर छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि मानसून काल में मिलीबग कीट का प्रकोप भी अधिक होता है उससे बचाव के लिए प्रोफेनोफॉस, 40 प्रतिशत साइपर 4 प्रतिशत को मिलाकर गन्ने की पत्तियों पर छिड़काव करें।


मिट्टी चढ़ाया हुआ गन्ना।

- **गन्ना शोध परिषद के निदेशक ने किसानों को दी सलाह**

## दो तस्कर गिरफ्तार अफीम और बाइक बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैतीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंडिया खुर्द तिराहे से बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस टीम ने 804 ग्राम अफीम, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किए। पकड़े गए तस्कर थाना जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम बंडिया खुर्द निवासी खुशीराम और रामप्रकाश हैं। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये है। पकड़े दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है और पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रोहिताश कुमार के साथ कांस्टेबल राहुल यादव मौजूद रहे।

# ग्रेडेड कॉलेजों के विद्यार्थी ही पाएंगे छात्रवृत्ति : प्रो. आजाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में नवीन सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जोरशोर से चल रही है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आरके आजाद ने बताया कि कॉलेज में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पंजीकरण हो चुके हैं।

शीघ्र ही प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा।

विद्यार्थियों के हित से संबंधित एक विशेष बिंदु पर जोर देते हुए प्राचार्य ने कहा कि नवीन सत्र के लिए समाज कल्याण निदेशालय, उत्तर प्रदेश के द्वारा छात्रवृत्ति से संबंधित विशेष गाइडलाइन जारी की गई है। नए सत्र से केवल उन्हीं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो सकेगी जो नैक के द्वारा मूल्यांकित एवं ग्रेडिंग प्राप्त हैं। नई गाइडलाइन के अनुसार ऐसे संस्थान जो राज्य अथवा केंद्र सरकार के से मान्यता प्राप्त है उन्हें नैक के द्वारा एवं ऐसे संस्थान जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त हैं, उन्हें राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के द्वारा ग्रेडिंग प्राप्त होना चाहिए। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त कॉलेज में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों से संबंधित एक उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर एवं परिवेश मौजूद है।


प्राचार्य प्रो. आरके आजाद।

## सार-संक्षेप

### पुत्र के लापता होने की दर्ज कराई गुमशुदगी

**तिलहर, अमृत विचार :** एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसका पुत्र मंदबुद्धि है और शुक्रवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया हर जगह तलाश किया न मिलने पर महिला ने गुमशुदगी दर्ज कराई। नगर के काशीराम कॉलोनी निवासी गंगा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसका पुत्र अंकित उर्फ सोनू मंदबुद्धि है और 27 जून शुक्रवार सुबह करीब 8 :00 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। हर जगह जान पहचान रिश्तेदारी में पता किया कोई जानकारी न मिलने पर महिला ने गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने बताया महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की जा रही है लापता हुए युवक की पुलिस तलाश कर रही है।

### 8 उपनिरीक्षक और 62 सिपाहियों के कार्यक्षेत्र बदले

**बदायूं, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने आठ उपनिरीक्षक और 62 सिपाहियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। वजीरगंज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार को अलापुर भेजा गया है। पुलिस लाइन के उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार को दबतोरी और कोतवाली के रवनीत सिंह को शहर के सोथा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। पुलिस लाइन के मदनपाल सिंह को बिसौली, नाहर सिंह को कादरचौक, देशराज सिंह को बिसौली भेजा गया। बिसौली के मोहम्मद अरशद को न्यायालय सुरक्षा में लगाने के अलावा अभियोजन कार्यालय के महेश सिंह को सिविल लाइन कोतवाली में तैनाती दी गई है।

### डीपीओ ने 110 आंगनबाड़ी वर्कर्स का रोका मानदेय

**बदायूं, अमृत विचार :** बाल विकास विभाग द्वारा लाभार्थियों में होने वाले पोषाहार वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए चेहरा पहचान व्यवस्था लागू की है। अब तक 221626 लाभार्थी के फेस की बेरिफिकेशन की गई है। कुल 28 प्रतिशत कार्य हुआ है। जबकि इस कार्य को 30 जून तक पूरा किया जाना है। फेस बेरिफिकेशन में आंगनबाड़ी वर्कर्स के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिसके चलते जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 110 आंगनबाड़ी वर्कर्स के मानदेय पर रोक लगा दी है। साथ ही स्पष्टीकरण मांगा है। दोषी पाए जाने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी है।

### शिक्षा संकल्प सेवा समिति ने वितरित की पुस्तकें



**बदायूं, अमृत विचार :** शिक्षा संकल्प सेवा समिति की ओर से सरकारी स्कूल में कक्षा 9 से 12 के प्रतिभावान व जरूरतमंद बेटियों को पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया। समिति के अध्यक्ष रीतेश गुप्ता ने बताया कि समिति हर साल जरूरतमंद और प्रतिभावान बेटियों को पाठ्य पुस्तकों के वितरण के साथ-साथ अन्य शैक्षिक संसाधन भी उपलब्ध कराती रहती है। संरक्षक रामनिवास गुप्ता ने बताया कि इस साल हाईस्कूल में अध्यनरत बेटियों को विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी की निशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर पीतेश गुप्ता, रेनू गुप्ता, विद्यावती वैदिक हाईस्कूल की प्रधानाचार्या रीता सहनी, शीतल गुप्ता, अनन्या गुप्ता, कृष्णा गुप्ता,, युवराज पाठक, जय कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### फुटपाथ खाली कराने की मांग, सौंपा मांग पत्र



**बदायूं, अमृत विचार :** जन दृष्टि के तत्वावधान में अध्यक्ष संस्थापक हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ता मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। पैदल यात्रियों की सुविधा को फुटपाथ व्यवस्थित रखने तथा सड़क, नाली, नालों और पुलिया की ऊंचाई यथावत रखने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री को मांग पत्र भेजा। मांग पत्र में कहा गया है कि जल्द मांगे स्वीकार नहीं की गयी तो आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि फुटपाथ को व्यवस्थित करने के प्रति जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं है। इस अवसर पर एम एल गुप्ता, संरक्षक प्यारे लाल, सुरेश पाल सिंह, एच एन सिंह, रामगोपाल, अखिलेश सिंह, सतेंद्र सिंह गहलोत, एम एच कादरी, ज्ञानदीप शर्मा, आर्येन्द्र पाल सिंह, राम लखन, विपिन कुमार सिंह, समीरुद्दीन एडवोकेट, राजीव कुमार भारद्वाज, दुष्यंत कुमार सिंह, ओंकार सिंह रहे।

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट: चीता टीम ने 4-1 से जीता मैच



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ साहबगंज स्थित मैदान पर शनिवार को दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर के समाजसेवी दीपक चौहान ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल बहुत ही जरूरी है। खेलकूद से युवाओं का मानसिक और शारीरिक विकास काफी तेजी होता है। पहला मैच नगर की अब्बासी टीम और चीता टीम के मध्य हुआ। जिसमें चीता टीम ने अब्बासी टीम को चार-एक से हराकर मैच जीत लिया। इस मौके पर राहुल वार्ष्णेय, नईम अब्बासी, रामसिंह शाक्य, बिंदा, जीतू, रेहान अब्बासी, इमरान, मुजीब, मंसूर आलम, जुनैद आदि मौजूद रहे।

### स्कूल मर्ज करने को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**वजीरगंज, अमृत विचार :** स्कूल मर्ज करने पर गांव किशनपुर के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि वह अपने बच्चों को दूसरे गांव भेजना नहीं चाहते। गांव में विद्यालय होने के पश्चात भी छोटे बच्चों को 2 से 3 किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ेगा। साथ ही उनकी पढ़ाई पूर्ण रूप से नहीं हो पाएगी। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव के विद्यालय को ग्राम निजामपुर में मर्ज किया जाए। किशनपुर निजामपुर ग्राम का मजरा है। कहा कि इस विद्यालय में 17 छात्र एवं 19 छात्राएं पंजीकृत हैं। जबकि बच्चों का एडमिशन चालू है। बच्चों की संख्या बढ़ भी सकती है। ग्राम वासियों कहना है कि छोटे बच्चे अधिक दूरी पर स्कूल होने की वजह से आने जाने में परेशानी होगी। विरोध करने वालों में गांव के राजपाल जितेंद्र सिंह, निरपाल लाल सिंह, पोसाकी लाल, पुष्पेंद्र कुमार, दिग्विजय सिंह, कीरम पाल, डालचंद, ग्राम प्रधान छत्रपाल आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों ने आईवीआरआई का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल के कक्षा 12 के जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को बरेली के भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संस्थान के स्टाफ ने वहां के इतिहास, कार्य, स्थापना आदि के बारे में विस्तार से बताया। जिसके बाद छात्र-छात्राओं को संस्थान में स्थित संग्राहलय का भ्रमण कराया गया। जहां उन्होंने वहां स्थित जीवाश्म, प्राचीन वास्तु व काष्ठ कला, प्राचीन यंत्र, वेद, मुद्रा आदि को देखा। विद्यार्थियों ने कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र, बायो टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट, सूक्ष्मदर्शी आदि को भी नजदीक से देखते हुए जानकारी हासिल की। पॉलीक्लीनिक का भ्रमण करते हुए जानवरों की विभिन्न बीमारियों का उपचार, ऑपरेशन आदि के विषय में भी जाना। छात्र-छात्राओं ने डियर पार्क जाकर विभिन्न प्रजातियों के हिरन भी देखे। स्कूल प्रबंधन ने सहयोग के लिए आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त उनके सहयोगी डॉ. रवि सिंह व अभिजीत का हार्दिक आभार व्यक्त किया। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक शाहज़ेब आलम, डॉ. नीरजा शर्मा, नईम अख्तर, सिराज अहमद आदि का योगदान रहा।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं से अभद्रता, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर दो युवकों ने बजरंग दल और एक समाज के लोगों के लिए अभद्र शब्द कहे और कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी। थाना कैंट पुलिस ने दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला निवासी आशीष शर्मा ने बताया कि 25 जून को बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता पवन पंडित और विशाल सक्सेना ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक धार्मिक विचारों से जुड़ी पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर कैंट के कांधरपुर निवासी गुरविंदर जाट और शिवधाम कॉलोनी निवासी दिव्यांश पटेल ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। कमेंट को हटाने की बात करने पर दोनों युवकों ने फोन पर गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी देकर फोन काट दिया। पूरे घटनाक्रम से बजरंग दल कार्यकर्ता आक्रोशित हैं।

# बहेड़ी में किसान को व्हाट्सएप काल कर मांगी एक करोड़ की रंगदारी, फायरिंग

### रंगदारी ने देने पर बेटों की हत्या करने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज, साइबर सेल भी कर रही जांच

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- पुलिस ने बताया रुपयों की लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** थाना बहेड़ी क्षेत्र में किसान को व्हाट्सएप काल कर दबंग ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर किसान के दोनों बेटों को जान से मारने की धमकी दी। किसान ने धमकी को गंभीरता से नहीं लिया तो आरोप है कि आरोपियों ने आधी रात घर के बाहर फायरिंग करा कर दहशत फैलाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की प्राथमिक जांच में रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद होना सामने आया है, रंगदारी मांगने व फायरिंग करने की पुष्टि नहीं हुई है।

थाना क्षेत्र के राई नवादा गांव निवासी किसान सुरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि उनके पास 175 बीघा खेती करने योग्य जमीन है। उनके दो बेटे दीपक और सूरज हैं। सुरेंद्र के अनुसार 22 जून को दोपहर उनके मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर बेटों को जान से मारने की धमकी दी। सुरेंद्र ने शुरुआत में कॉल को फर्जी समझकर नजर अंदाज कर दिया और नंबर ब्लॉक कर दिया।

इसके बाद 24 जून की रात 1:30 बजे उनके घर पर फायरिंग की गई, जिससे पूरा परिवार दहशत में आ गया। इसके बाद अगले दिन 25 जून को दूसरे नंबर से कॉल आई। आरोप है कि इसमें धमकी देने वाले ने कहा कि तुमने धमकी को हल्के में लिया, इसलिए अब अंजाम भुगतो। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले के खुलासे के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही साइबर सेल भी मामले की जांच कर रही है।

**लेने-देन के विवाद को रंगदारी का मामला बनाने का आरोप**

बहेड़ी थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि पीड़ित के पिता ने एक युवक को 50 हजार रुपये उधारी दिए थे। रुपयों को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। पहले दोनों की सहमति बन गई। बाद में पीड़ित पक्ष ने फायरिंग और एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हालांकि, पुलिस की प्राथमिक जांच में फायरिंग करने और रंगदारी मांगने जैसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नानी के घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, भमोरा(बरेली)

- युवक की थी 18 बीघा जमीन नानी थी केयर टेकर

**अमृत विचार :** नानी के घर रह रहे एक युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। युवक की 18 बीघा जमीन थी, जिसकी नानी केयर टेकर थी।

गांव ताहारपुर निवासी विवेक उर्फ जब्बा (18) का शव शनिवार दोपहर 2 बजे नानी के मकान में बने फंदे से लटका मिला। घर पहुंची नानी ने कमरा अंदर से बंद है। पड़ोसियों की मदद से पास वाले कमरे की दीवार तोड़कर अंदर पहुंची और फंदे को काटकर शव को नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। विवेक की ननिहाल गांव में ही है। उसकी मां शारदा उसे बचपन में ही छोड़कर कहीं चली गई थीं। उसके पिता आसाराम उर्फ पप्पू की नौ साल पहले मौत हो गई, तब से नानी धनवती ही उसे पाल रही थीं। विवेक की 18 बीघा जमीन है, जिसकी केयरटेकर उसकी नानी है। वह पिता की संपत्ति का इकलौता वारिस था। ग्रामीण उसकी मौत को संदिग्ध मान रहे हैं, क्योंकि नानी के दो बेटे हैं, जिसमें एक दिल्ली और एक जेल में है। एसएचओ भमोरा राजकुमार शर्मा ने बताया मृतक की नानी की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

## एमजेपीआरयू के 219 कर्मचारियों का तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव ने एक साथ 219 कर्मचारियों का तबादला किया है। इनमें कई की पोस्टिंग बरकरार रखी गई है तो कई को दूसरी जगह भेज दिया गया है। एक साथ इतनी संख्या में ट्रांसफर से कर्मचारियों में हलचल मच गई है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देश पर ये तबादले विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध और प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के दृष्टिगत किए गए हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा शुद्धिकरण सूचना

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 25/2025 दिनांक 03-06-2025 के अन्तर्गत क्रमांक 01 पर अंकित निविदा जो दिनांक 30-06-2025 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से अब दिनांक 11-07-2025 को खोली जायेगी।

ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www. ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि / डब्लू-141 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमृती वि.खं. भुता, बरेली**

पत्रांक : 25 लेखा/निविदा/वर्ष 2025–26 दिनांक : 26.06.2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमृती में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में निम्न सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना है जिसके लिए निविदा आमन्त्रण की जा रही है। समस्त आपूर्ति सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, ईट, रोड़ा,आदि हेतु निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत में 02.07.2025 तक जमा कर सकते हैं जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मेन इन्टरलॉकिंग से रीतराम के घर तक सी.सी. व नाली | 1.60 लाख |
| 2. | रामरतन के घर से खडन्जा तक सी.सी. रोड व नाली | 1.70 लाख |

श्री अजय राघव–सचिव श्री अशोक सिंह–प्रधान

# सुबह छापा फिर दिन में होती है सेटिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली विभाग की हर रोज मॉर्निंग रेड के बाद कार्यालय में सेटल किए जाते बिजली चोरी के मामले

**अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए वर्टिकल व्यवस्था में एचआर टीम का गठन किया गया है। टीम में शामिल दो संविदा कर्मचारी क्षेत्र में चेकिंग करने के बाद जिन लोगों के मकान में बिजली चोरी पकड़ी जाती है, उन्हें अपना नंबर देकर कार्यालय बुलाते हैं। इसके बाद लेन-देन तय करके मामलों का निस्तारण कराते हैं। पकड़े जाने के डर से एसडीओ तथा जेई ने संविदा कर्मचारियों को मोहरा बना रखा है।

मॉर्निंग रेड के बहाने शहर में सुबह ही 4 से पांच बजे के समय टीम चेकिंग करने निकल जाती है। इसमें एसडीओ और जेई के साथ संविदा कर्मचारी तथा कुछ निजी लोग भी शामिल होते हैं। चेकिंग में जिसके घर में बिजली चोरी पकड़ी जाती है, उसे टीम में शामिल दो संविदा कर्मचारी अपना मोबाइल नंबर देकर दोपहर बाद रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय आने की बात कहते हैं। इसके बाद सौदा तय करके बिजली चोरी के मामले का निस्तारण कर दिया जाता है। जो उपभोक्ता पैसे नहीं दे पाते उनके खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी जाती है। पिछले दिनों भी एक वाटर प्लांट पर चोरी पकड़े जाने के बाद टीम ने छोड़ दिया था। शिकायत के बाद अफसर भी मौन हो गये।

**टीम में शामिल एक एसडीओ पर पहले भी लग चुके आरोप :** एचआर टीम में शामिल एक एसडीओ पर पहले भी विजिलेंस के साथ संयुक्त चेकिंग के बाद बिजली चोरी छोड़ने के आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें उपखंड से हटाकर दूसरे कार्यालय में तैनात किया गया था, लेकिन अब उन्होंने खुद को बचाने के लिए टीम में शामिल संविदा कर्मचारियों का सहारा ले रखा है।

## मालगाड़ी का इंजन फेल होने से कई ट्रेनें प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार:** नगरिया सादात-धनेटा स्टेशनों के बीच शनिवार को मालगाड़ी का इंजन फेल होने से दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। ट्रेनों को रास्ते में काफी देर तक रोक दिया गया। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो दूसरा इंजन भेजकर मालगाड़ी को अगले स्टेशन तक भेजा गया। इसके बाद ट्रेनों का यातायात सामान्य हो सका।

शाम 4 बजे के बाद नगरिया सादात और धनेटा के बीच एक मालगाड़ी का इंजन फेल हो गया। इससे दिल्ली की तरफ से आ रही ट्रेनों को पीछे के स्टेशनों पर रोक दिया गया।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोप होमगार्ड के बेटे पर रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- आरोपी ने कहा, उसके पिता हैं दरोगा दोनों को भिजवा देंगे जेल

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में 10वीं की छात्रा के साथ होमगार्ड के बेटे ने घर में घुसकर गन प्वाइंट पर दुष्कर्म किया। छात्रा के विरोध करने पर अपने पिता को दरोगा बता कर जेल भिजवाने की धमकी दी। आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक साल तक छात्रा का शोषण किया। छात्रा की विधवा मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति का आठ साल पहले निधन हो गया था।

वह और बेटी एक फैक्ट्री में मजदूरी करती हैं। आरोप है कि मोहल्ला मिर्धान निवासी आजम मौका पाकर घर में घुस गया और उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। साथ ही एक अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक साल तक शोषण करता रहा। आरोपी के पिता फरीदपुर थाने में होमगार्ड हैं।

**कार्यालय मंडलीय अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय, बरेली**

पत्रांक: अ.नि.प्र.अ./विज्ञप्ति/प्रकाशन/2025–26/1799 दिनांक: 24.06.2025

**सूचना**

महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय बरेली द्वारा जैम पोर्टल पर वायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु जैम बिड क्रमांक GEM/2025B/6374642 दिनांक 23 जून 2025 को जैम पोर्टल पर आमंत्रित की गई है। जिसकी पूर्ण जानकारी जैम पोर्टल पर जैम बिड क्रमांक के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। उक्त बिड को जैम पोर्टल के माध्यम से दिनांक 3 जुलाई 2025 तक डाली जा सकती है।

मंडलीय अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक,
महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय

# सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठगी रकम 75 बैंक खातों में भेजकर निकाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संदेह के घेरे में आए महाराष्ट्र, केरल तमिलनाडु के बैंक खाते फ्रीज कराए, पुलिस कर रही जांच
- सेवानिवृत वैज्ञानिक से ठगी गई कुछ रकम को भी फ्रीज कराने में मिली सफलता,
- बाहरी प्रदेशों के बैंकों खातों से चेन जोड़कर जांच कर रही है पुलिस

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तैनात रहे सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर उनसे 1.29 करोड़ रुपये ठग लिए। साइबर ठगों के खातों में रकम पहुंचते ही उसे आनन-फानन में 75 बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। शक के दायरे में आए सभी 75 बैंक खाते केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित हैं। साइबर क्राइम पुलिस ने सभी बैंक खातों को फ्रीज कराकर रकम रिकवर कराने के प्रयास में जुटी है।

पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी कई साल से आईवीआरआई में तैनात थे। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद यहीं कैंपस में ही आवंटित मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि शुकदेव नंदी को 16 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया। ठग ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड लिए गए हैं। इनका इस्तेमाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड में किया गया है। इसी क्रम में ठग ने उन्हें डरा-धमका कर 16 से 20 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा। साथ ही 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच करना शुरू किया।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक के ठगी गई रकम 75 बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। ये सभी बैंक खाते केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित हैं। सभी बैंक खाते फ्रीज करा दिए गए हैं। साथ ही कुछ रकम भी फ्रीज कराई गई है। पुलिस इन बैंक खातों से चेन जोड़ कर जांच कर रही है।
>
> –**नीरज कुमार**, साइबर क्राइम इंस्पेक्टर

साइबर क्राइम टीम की प्राथमिक जांच में सामने आया कि ठगों ने जिस दिन रुपये खाते में मंगाए। उसी दिन अलग-अलग 75 बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। साइबर ठगों ने जिन बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर किया वह सभी केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित हैं। पुलिस ने सभी बैंक खातों को फ्रीज करा दिया है। साथ ही इन बैंक खातों से साइबर ठगों के अन्य बैंक खातों की चेन जोड़ रही है, जिससे पता लगाया जा सके कि किस-किस खाते में रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। साइबर क्राइम पुलिस ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठगी गई कुछ रकम को फ्रीज कराने में सफलता हासिल कर ली है।

**कैसे करें खुद का बचाव**

- पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती।
- अनजानों से व्हाट्सएप काल या वीडियो काल पर बात न करें।
- किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ऑनलाइन नौकरी का सत्यापन जरूर करें।
- पैसा दोगुना करने के लालच में बिलकुल न फंसे।
- निवेश सिर्फ उन्हीं में करें जिस कंपनी को जानते हो।
- ठगी होने के बाद फौरन सूचना 1930 पर साइबर पुलिस को दें।
- अनजान नंबरों से आने वाले कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।
- निजी जानकारी किसी को न दें। बैंक डिटेल, आधार नंबर या कोई और पर्सनल डेटा शेयर न करें।
- दबाव में न आएं कॉलर धमकी दे तो परेशान न हों। ठग डर का ही फायदा उठाते हैं।

**नोटिस**

नीलामी सूचना सं0–03 / स0अ0–द्वि0 / 2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के द्वितीय उपखण्ड खटीमा के अन्तर्गत शारदा सागर जलाशय के किमी0 17.000 से 19.000 के मध्य भसीड़ा (कमल) तथा किमी0 10.000 से 22.200 के मध्य, घास भरा सेठा, नरकुल, सींक, टाटर, खरिया व पटेरा निकालने की नीलामी दिनॉक 30.06.2025 को निरीक्षण भवन, खटीमा में अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत द्वारा गठित समिति, द्वारा सुबह 11:00 बजे की जायेगी।

| लाट | विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| 01 | शारदा सागर बॉध के किमी0 17.000 से 19.000 के मध्य भसीड़ा (कमल), किमी0 10.000 से 22.200 तक घास भरा सेठा, नरकुल, सींक, टाटर, खरिया व पटेरा | दिनॉक–01.07.2025 से दिनॉक–30.06.2026 |

नीलामी की आवश्यक शर्तेः–

1– अधिशासी अभियन्ता महोदय, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर सकते हैं।
2– नीलामी की धनराशि गतवर्ष से अधिक होने पर ही उस पर विचार किया जायेगा।
3– शारदा सागर खण्ड पीलीभीत की सम्पत्ति शारदा सागर जलाशय के अन्दर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने का अधिकार नही होगा।
4– बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को रू0 21,800.00 बतौर जमानत की धरोहर राशि नकद / अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के नाम से देय हो, जमा करनी होगी, जो उच्चतर बोलीदाता के अतिरिक्त शेष बोलीदाताओं को वापस कर दी जायेगी।
5– उच्चतर बोलीदाता द्वारा 72 घंटे में अवशेष धनराशि जमा करनी होगी यदि 72 घंटे तक नीलामी की अवशेष राशि जमा नही की जाती है तो जमानत राशि को जब्त करते हुए दोबारा नीलामी की जायेगी।
6– अधोहस्ताक्षरी को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
7– नीलामी उपरान्त ठेकेदार व उसके किसी भी कर्मचारी द्वारा नियम का उल्लंघन किया जाता है तो नीलामी निरस्त कर दी जायेगी, इस दशा में कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।
8– नीलामी के निर्धारित तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश आदि होने की दशा में नीलामी अगले कार्य दिवस को की जायेगी।
9– बैठक कक्ष में केवल बोली में प्रतिभाग लेने वाला व्यक्ति ही उपस्थित होगा।
10– श्री राम साहनी पुत्र श्री राम मिलन साहनी, आच्छेदी, नवलपुर गोरखपुर, उत्तर प्रदेश को उक्त नीलामी में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी।

नोट–नीलामी से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क करें।

UP – 235375 **दिनांक:** 27/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

सहायक अभियन्ता–द्वितीय,
उपखण्ड–खटीमा
षारदा सागर खण्ड, पीलीभीत

# पहली बार शहर में आ रहीं राष्ट्रपति, बरेली हाई अलर्ट पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुबह से शाम तक पुलिस-प्रशासनिक अफसर राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे रहे

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पहली बार बरेली आ रही हैं। उनके प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बरेली हाई अलर्ट पर है। एयरफोर्स और सेना के अफसर जहां सक्रिय हैं, वहीं दिल्ली, लखनऊ तक के अफसर तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक अफसरों से लगातार संपर्क में हैं। मंडलभर के 50 से ज्यादा वरिष्ठ अफसरों को कार्यक्रम में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

शनिवार को दिन में कई बार डीएम, एसएसपी के साथ अन्य पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने आईवीआरआई कैंपस की तैयारियां परखीं। डॉग स्क्वॉयड ने भी ऑडिटोरियम में हर चीज चेक की। वरिष्ठ अफसरों ने दोपहर में आईवीआरआई के ऑडिटोरियम में करीब घंटेभर तक कई विभागों के अफसरों के साथ बैठक की। वहीं देर शाम डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य फिर कैंपस पहुंचे और पुलिस-प्रशासनिक अफसरों के साथ ऑडिटोरियम के दरवाजे बंदकर गोपनीय बैठक की। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने को लेकर बरेली के अफसरों पर दिल्ली और लखनऊ से भी प्रेशर है। यही वजह है कि शनिवार को डीएम, एसएसपी के अलावा एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह आदि अफसरों का दिनभर डेरा जमा रहा। पीसीएस रैंक के कई अफसर दोपहर को आईवीआरआई पहुंच गए, लेकिन रात तक कैंपस में ही जमे रहे। दीक्षांत समारोह के लिए ऑडिटोरियम में की जा रही तैयारियों में एक-एक चीज अफसरों की निगरानी में की जा रही है। कैंपस में सुरक्षा अभी से सख्त कर दी है।

**एडीजी-कमिश्नर भी व्यवस्थाएं देखने पहुंचे**

एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय साहनी भी आईवीआरआई कैंपस में हो रहीं तैयारियां परखने पहुंचे। अफसरों ने डीएम, एसएसपी, सीडीओ देवयानी सिंह और एसपी सिटी मानुष पारीक के साथ सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। अतिथि दीर्घा, वीवीआईपी मूवमेंट, पार्किंग, एंट्री–एग्जिट प्वाइंट्स और आपातकालीन रिस्पॉन्स की व्यवस्थाएं देखीं।

**राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात रहेंगे पांच एसपी सहित 17 सौ पुलिसकर्मी**

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए पांच एसपी समेत 17 सौ पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जो चप्पे–चप्पे पर पैनी नजर रखेंगे। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने ब्रीफिंग कर सभी को अलर्ट किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। शनिवार को एडीजी रमित शर्मा और एसएसपी अनुराग आर्य ने आईवीआरआई परिसर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की। कई जिलों से आए अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति समझाई। राष्ट्रपति की सुरक्षा में पांच एसपी, नौ एडिशनल एसपी, 18 सीओ, 55 इंस्पेक्टर, 250 दरोगा, 300 महिला सिपाही, 700 मुख्य आरक्षी और आरक्षी समेत चार कंपनी पीएसी की तैनात की गई है। सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी सड़क से लेकर छतों पर तैनात रहेंगे और हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पूरा आईवीआरआई परिसर अभी से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो, एटीएस, बम डिस्पोजल यूनिट, डॉग स्क्वाड, एसपीजी, एलआईयू सहित सभी एजेंसियां तैनात कर दी गई हैं। शनिवार को सुरक्षा और प्रोटोकॉल के तहत फुल ड्रेस रिहर्सल भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने त्रिशूल एयरबेस से लेकर आईवीआरआई तक के रूट का निरीक्षण किया। राष्ट्रपति के आगमन की वजह से इस रूट को सुबह से ही बंद कर दिया जाएगा। उनके ठहराव के दौरान तक यह मार्ग पूरी तरह सील रहेगा और रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

# वन विभाग की टीम ने की कांबिंग तेंदुए का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, नवाबगंज

- हाफिजगंज क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर में शुक्रवार को चौकीदार को दिखा था तेंदुआ
- वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम ने लगाया पिंजरा

**अमृत विचार:** हाफिजगंज क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर के पास स्थित खेतान फैक्ट्री में तेंदुए की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शनिवार को वन विभाग की टीम ने गांव में जाकर कांबिंग की, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं लगा। तेंदुए को पकड़ने के लिए टीम की तरफ से फैक्ट्री में पिंजड़ा लगाया गया है। वहीं गांव के लोगों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

खेतान फैक्ट्री करीब 240 बीघा में फैली है। गांव के लोगों के अनुसार पिछले 30 साल से फैक्ट्री बंद है। फैक्ट्री के चौकीदार अजय कुमार के अनुसार बृहस्पतिवार रात तेंदुआ उनकी गाय पर झपट पड़ा। किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई और छत पर चढ़कर तेंदुए का वीडियो बना लिया। तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद वन दरोगा अकबर अली मौके पर पहुंचे। उन्होंने वीडियो देखकर तेंदुआ होने की पुष्टि की। तेंदुए को पकड़ने के लिए फैक्ट्री परिसर में पिंजरे लगाए गए हैं। वन विभाग के अधिकारी बताया कि वन विभाग की टीम लगातार कांबिंग कर रही है।

## पीएसी के मुख्य आरक्षी की सिर में चोट लगने से मौत

**बरेली, अमृत विचार :** पीएसी में तैनात मुख्य आरक्षी उन्नाव के गांव पूरानिस्फा पंसारी निवासी रणवीर सिंह को शनिवार की सुबह नित्यक्रिया करते समय पैर में ठोकर लगकर जमीन पर गिरने से सिर में चोट लग गई। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

शनिवार को पीएसी में तैनात बड़े बाबू मुख्य आरक्षी रणवीर सिंह सुबह छह बजे नित्यक्रिया करने के लिए जा रहे थे। वह पैर में ठोकर लगने से जमीन पर गिर गए, जिस कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी मदद के लिए सिपाही कपिल देव गंगवार को साथ में लगाया गया, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। दोपहर करीब 2 बजे डॉक्टर ने सीटी स्कैन किया, जिसकी फाइनल रिपोर्ट आई नहीं थी कि 5 बजे अचानक स्वास्थ्य खराब होने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा संख्याः** CPM-GS-IZN-2025-07, **कार्य का नामः** उप मुख्य इंजीनियर/गति/इज्जतनगर के कार्य क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत कन्नौज स्टेशन पर शेष कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य (रु):** ₹ 6,47,72,324.08, **बयाना राशि (रु):** ₹ 4,73,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु) :** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 (बारह) माह, **नोटः 1.** बिड्ंग प्रारम्भ करने की तिथि-07.07.2025, **2.** उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.00 बजे तक, **3.**उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.30 बजे, **4.** निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **5.** निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

अधिशासी इंजीनियर/गतिशक्ति
मुजाधि/डब्लू-140 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली**

"अति अल्पकालीन नीलामी सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के अन्तर्गत निम्नलिखित बागात की फलत बहार आम का नीलाम वर्ष 2025–26 (एक वर्ष) के लिये, जिसकी अवधि दिनांक 01.08.2025 से दिनांक 31.07.2026 तक रहेगी, दिनांक 08.07.2025 को प्रातः 11.30 बजे द्वितीय उपखण्ड, निरीक्षण भवन बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत में सार्वजनिक रूप से की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वो निश्चित समय व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | बागात का नाम | अग्रिम धरोहर धनराशि हेतु थ्थ्क्ण्त्ण् की राशि | फसल का नाम | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निरीक्षण भवन बाईफरकेशन बाग। | रू0 2000.00 | आम बाग | 08.07.2025 प्रातः 11.30 बजे |
| 2 | चूका बाग। | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 3 | शाहगढ़ बाग। | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 4 | हरदोई शाखा किमी0 0.00 से 0.120 तक पटरी दॉयी पर स्थित बाग। | रू0 1000.00 | आम व अमरूद बाग | |

नीलामी शर्तेः–

1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को उपरोक्त विवरण के अनुसार धरोहर राशि एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे। नकद धनराशि किसी भी स्थिति में जमा नहीं की जायेगी।
2. कोई व्यक्ति किसी अन्य की ओर से बोली बोलने के लिये तब तक अनुज्ञता नहीं किया जायेगा, जब तक बोली लगाने के लिये उपस्थित व्यक्ति ने उस व्यक्ति से जिसकी ओर से बोली लगाना चाहता है, प्राधिकार प्राप्त न किया हो।
3. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होते ही तुरन्त एकमुश्त नकद जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा नीलामी की तिथि को निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
5. स्टाम्प शुल्क, जी0एस0टी0 व विभाग द्वारा अन्य कोई कर की देयता पारित की जाती है, तो वह बोलीकर्ता को अलग से वहन करनी होगी। इसके लिये कोई भी प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा स्वीकार नहीं होगी। स्टाम्प शुल्क रू0 70 / – प्रति हजार की दर से नीलामी राशि पर देय होगा, जो नीलामीकर्ता को जमा करना होगा।
6. उपरोक्त बागात का निरीक्षण भली–भॉति ठेकेदार / नीलामी बोलीदाता बाग स्थल पर कर लेवें।
7. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
8. नीलामी की अन्य शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
9. वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड–19) का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। अतः नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता मास्क लगाकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रह सकेगा।

UP – 235344 **दिनांक:** 27/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**सहायक अभियन्ता**
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

## एक नजर

### कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से शुरू हुई है, जो 12 जुलाई तक चलेगी।

### नए कानूनों के तहत 458 लोगों को दिलाई सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के जरिए पिछले करीब एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत चिन्हित कुल 457 मामलों में 458 लोगों को सजा दिलाई गई है। इसकी हाल ही में बनारस में मध्य क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफी सराहना की। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की देश ही नहीं दुनिया भर में सराहना हो रही है। पिछली सरकारों में गुंडा राज और ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए नई पहचान मिली है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले करीब एक साल में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत अब तक 457 मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें 4 अपराधियों को मृत्युदंड (फांसी की सजा), 10 अपराधियों को आजीवन कारावास, 425 अपराधियों को 20 वर्ष से कम कारावास की सजा और 19 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा दिलाई गई है।

# हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

## मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो किया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पौधरोपण अभियान का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए।

**प्रत्येक रोपे गए पौधे की हो जियो टैगिंग और फेंसिंग :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। जनता को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि लगाए गए पौध वृक्ष बन सकें।

**अधिकारियों ने गिनाई तैयारी और कार्ययोजना :** कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है और ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान पर कार्य प्रगति पर है।

### नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए।

# सैमसंग समेत चार कंपनियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

- औद्योगिक विकास मंत्री ने विभागीय प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से सैमसंग समेत चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस सिलसिले में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत निजी कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री ने सैमसंग नोएडा समेत चार कंपनियों को 189 करोड़ 70 लाख 47 हजार 915 रुपए का प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब जल्द ही प्रोत्साहन सैमसंग समेत अन्य तीन कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20 करोड़ 49 लाख 18 हजार 513 रुपये, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को दो करोड़ 57 लाख पांच हजार 275 रुपये, मेसर्स सैमसंग इडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124 करोड़ 58 लाख 43 हजार 888 रुपये और मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42 करोड़ पांच लाख 80 हजार 239 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंत्री नंदी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वर्तमान सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है।

# इलाज कराएंगे, आवास भी देंगे : योगी

- गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बीमार बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की। समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराएं। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। 30 जून और 1 जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को लेकर हिदायत दी कि कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। योगी ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

# संविधान से छेड़छाड़ की तो सड़कों पर उतरेगी बसपा

## मायावती ने कहा- कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर संविधान में किए गैर जरूरी संशोधन

- देशभर में मजबूत संगठन तैयार करेगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस कांफ्रेंस करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ हुई तो बसपा चुप नहीं बैठेगी। संविधान की रक्षा के लिए देश भर में सड़कों पर उतरेगी। बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि बसपा देश भर में मजबूत संगठन तैयार करेगी और आने वाले लोकसभा व राज्यों के विधानसभा चुनावों में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी संविधान दिया है, पर भाजपा व कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के संविधान को कभी भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। दोनों ही दलों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हितों, विचारधाराओं व नीतियों के लिए संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी अपने चाल-चरित्र व चेहरे को छुपाने के लिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसी चालें चलती रहती हैं। संविधान बदलने की नीति में कांग्रेस व भाजपा दोनों की मिलीभगत रहती है।

### मतदाता सूची पर निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट करे

बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सुधार के लिए जो बातें हो रही हैं, उसमें भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति जरूर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए, इस पर वाद-विवाद ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जातिवादी मानसिकता के तहत खासकर दलित वर्गों के लोगों का शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न किया जा रहा है, यह भी कोई अच्छी बात नहीं है। देश में बीच-बीच में हो रही आतंकवादियों की घटना को लेकर केंद्र सरकार को पुलिस और जनता के साथ रहना चाहिए, ताकि कोई आतंकवादी संगठन अपने किसी भी मकसद में कामयाब न हो सके।

# यूपीएससी व यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बनेंगे मेंटर

- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 11 जुलाई तक मांगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) या उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले पूर्व प्रशिक्षुओं को 'मेंटर' बनने का मौका मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं।

इस पहल का लाभ उन युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.bhagidaribhawan.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि पांच युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

# अभियंताओं पर कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है।

# कॉरिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय

## गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सपा प्रमुख ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोरखपुर में 'विरासत गलियारा' को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि कारिडोर के नाम पर भाजपाई लूट तंत्र सक्रिय है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

वे राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

सपा मुखिया ने कहा कि गोरखपुर में जमीन-मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। जहां जमीन दिखती है, भाजपा उस पर कब्जा करने लगती है।

# लक्कड़ शाह दरगाह के कथित ध्वस्तीकरण पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच की लक्कड़ शाह दरगाह के ध्वस्तीकरण के आरोप को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को आदेश दिया है कि वह मामले में पूरी जानकारी लेकर अगली सुनवाई पर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने दरगाह प्रबंधन समिति की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा 10 जून को मामले में कोर्ट में दिए गए आश्वासन के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा था कि बहराइच के मूर्तिहा वन रेंज स्थित लक्कड़ शाह समेत तीन अन्य मजारों पर ढहाने की कार्रवाई रोक दी गई है। कहा गया है कि बावजूद इसके 13 जून को ध्वस्तीकरण की करवाई शुरू कर दी गई।

# किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

- निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के जरिए बिजली कर्मियों के खिलाफ एफआईआर कराये जाने की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूकदर्शक नहीं रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने देश भर के बिजली कर्मियों का आह्वान किया कि प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को बड़ी लूट बताते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसान मोर्चा ने कहा है कि निजीकरण के बाद क्रॉस सब्सिडी के बिना 7.5 एचपी पंप-सेट का उपयोग करने वाले किसान को मासिक बिजली बिल के रूप में 10,000 रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा।

# दक्षिणांचल निगम खत्म होने पर फ्रेंचाइची टोरंट का क्या होगा

- विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से पूछा सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम खत्म होने पर आगरा में बिजली आपूर्ति में लगी निजी फ्रेंचाइची कंपनी टोरंट का क्या होगा। आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में यह सवाल किया है। अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने पर आयोग वृहद रिपोर्ट भेजेगा।

सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अभिमत मांगे जाने पर पिछले दिनों नियामक आयोग ने वित्तीय खामियां बताते हुए सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भेजी थी। सूत्रों के अनुसार, इसी रिपोर्ट में आयोग ने टोरंट के भविष्य को लेकर सवाल उठाये हैं। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की पोल लगातार खुलती जा रही है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**


1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



### वर्ग पहेली -15 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

## सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |


### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

# प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर



ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

**पुरी रथ यात्रा**

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

**पुरी, एजेंसी**

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

### 10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## एक नजर

### बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

### जम्मू कश्मीर में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को 3.6 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। अधकारियों ने बताया कि भूकंप जम्मू-कश्मीर में शाम 7:36 बजे नौ किलोमीटर की गहराई में आया था। हालांकि, इस भूकंप में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### संसदीय समिति ने किया वैष्णो देवी मंदिर का दौरा

**जम्मू।** कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी संसद की स्थायी समिति ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के कटरा क्षेत्र में माता वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया तथा बोर्ड की सुविधाओं, लोक शिकायत एवं निवारण प्रणाली की समीक्षा की। सांसद बृजलाल के नेतृत्व में समिति इस समय जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर है। बृजलाल ने कटरा में कहा, मेरे दौरे का उद्देश्य सुविधाओं और शिकायत निवारण व्यवस्था के बारे में अधिकारियों से बात करना है।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

**गोधरा, एजेंसी**



- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

# सहनशीलता की नीति समाप्त हो चुकी है, आतंकियों पर होगा कड़ा प्रहार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रक्षा सचिव ने आतंकवाद से निपटने में देश के 'न्यू नॉर्मल' को किया रेखांकित

आतंकवाद से निपटने में देश के 'न्यू नॉर्मल' को रेखांकित करते हुए रक्षा सचिव आरके सिंह ने शनिवार को कहा कि दशकों से चली आ रही सहनशीलता की नीति समाप्त हो चुकी है और भारत के तय किए समय और स्थान पर आतंकियों पर कड़ा प्रहार होगा।

सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को अपनी संपत्ति मानता है और जब उन पर हमला हो गया तो उनके लिए शोक मना रहा है। वह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में कई पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों की उपस्थिति का हवाला दे रहे थे। सिंह ने कहा, इससे हमारे इस आकलन की पुष्टि होती है कि इन लोगों को जानबूझकर भारत में सीमा पार आतंकवाद के लिए देश नीति के एक साधन के रूप में तैयार किया जा रहा है। सैन्य कार्रवाई रोकने पर सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी सैन्य पक्ष 9 मई को आगे आया और उसने डीजीएमओ से बात करने की मांग की, जबकि उसने पहले इससे इन्कार किया था। और उस समय स्पष्ट था कि वे अनिवार्य रूप से आत्मसमर्पण करने की प्रक्रिया में थे। और यह 9 मई की सुबह की बात थी। इसलिए घोषणा (10 मई को) किये जाने से पहले ही हम सभी जानते थे कि ऐसा होने वाला है और यही हुआ।

### समन जारी करने का आदेश सोचकर दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था।

# आंबेडकर ने की थी एक संविधान की पैरोकारी

**नागपुर, एजेंसी**



- नागपुर में संविधान के प्रस्तावना पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में बोले सीजेआई गवई

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को एकजुट रखने के लिए एक ही संविधान की पैरोकारी की थी और कभी भी किसी राज्य के लिए अलग संविधान के विचार का समर्थन नहीं किया। यहां संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन पर सीजेआई ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के तहत अखंड भारत के डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा ली है।

सीजेआई गवई तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। उन्होंने मराठी में कहा कि जब अनुच्छेद 370 को चुनौती दी गई थी, यह हमारे समक्ष आया था और जब सुनवाई जारी थी तो मुझे डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आए कि एक देश के लिए एक ही संविधान उपयुक्त है... अगर हम देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो हमें केवल एक संविधान की जरूरत है। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

### संविधान के रूप में देश को दिया उपहार

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सीजेआई गवई ने संविधान प्रस्तावना पार्क का उद्घाटन किया और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा संविधान के रूप में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिया गया बहुमूल्य उपहार है। संविधान में लोकतंत्र के चार स्तंभों कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया के अधिकारों का उल्लेख है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रहे हैं।

## कारोबार/कृषि

# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

### बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ

**बात काम की**




हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

### क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

### निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

### जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

### जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

# कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

**जमशेदपुर, एजेंसी**



विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

### जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

# 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

बर्मिंघम, एजेंसी

| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |



भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं।

हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

# महिला टीम ने इंग्लैंड को 97 रनों से हराया

नॉटिंघम, एजेंसी

- पांच टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की
- कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी
- पदार्पण करने वाली श्री चरणी ने 12 रन देकर चार विकेट लिए



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करतीं भारतीय टीम की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना (112) के पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय शतक के बाद पदार्पण करने वाली स्पिनर श्री चरणी (12 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां पहले मैच में इंग्लैंड को 97 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

**मंधाना की सर्वश्रेष्ठ पारी :** मंधाना इस तरह हर प्रारूप में शतक जड़ने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उनकी यह पारी टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत की सर्वश्रेष्ठ पारी है। मंधाना ने इस तरह हरमनप्रीत कौर की 103 रन की पारी को पीछे छोड़ दिया। शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार करने वाली मंधाना की 15 चौके और तीन छक्के जड़ित 62 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

**इंग्लैंड के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर :** यह इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया और पावरप्ले तक उसके तीन विकेट झटक लिए। कप्तान नैट साइवर ब्रंट (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन ही बना सकी।

**स्पिनर श्री चरणी ने किया कमाल :** बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने एलिस कैप्से के रूप में अपना पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किया। इस 20 साल की गेंदबाज ने 3.5 ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके। दीप्ति शर्मा ने तीन ओवर में 32 रन देकर दो और राधा यादव ने दो ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके। अमनजोत कौर और अरूधंती रेड्डी ने एक एक विकेट झटके।

### नहीं खेलीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत अभ्यास मैच के दौरान सिर पर लगी चोट के कारण एहतियात के तौर पर इस मैच में नहीं खेली।

**भारत की मजबूत शुरुआत :** इससे पहले नियमित कप्तान हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही मंधाना और शेफाली वर्मा (20 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 77 रन की भागीदारी निभाई। शेफाली के आउट होने के बाद भी मंधाना इसी लय में बल्लेबाजी करती रहीं और उन्होंने हरलीन देओल (23 गेंद में 43 रन) के साथ 94 रन की साझेदारी निभाई। ऑफ स्पिनर एलिस कैप्से की गेंद पर डैनी वाट होज ने 26 रन पर हरलीन को जीवनदान दिया। मंधाना ने इंग्लैंड की गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने चौथे ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर लिन्सी स्मिथ की गेंदों पर तीन चौके जड़ दिए। उन्होंने सातवें ओवर में बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की गेंदों पर दो छक्के जड़े। वहीं दूसरी छोर पर देओल ने स्वीप शॉट से बाउंड्री लगाई, पर वह लॉरेन बेल का शिकार बन गईं। मंधाना जल्द ही शतक तक पहुंच गई।

**03** विकेट पावरप्ले में लेकर भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया था

### भारत

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

गेंदबाजी : लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

### इंग्लैंड

**113/10** (14.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| सोफी डंकले का रिचा बो अमनजोत | 07 |
| डैनी वाट का हरलीन बो दीप्ति | 00 |
| नैट साइवर ब्रंट का रिचा बो चरणी | 66 |
| टैमी ब्यूमोंट बो दीप्ति | 10 |
| एमी जोंस स्ट रिचा बो राधा | 01 |
| एलिस कैप्से का अरूंधति बो चरणी | 05 |
| एमिली आर्लोट का स्मृति बो राधा | 12 |
| सोफी एक्लेस्टोन का जेमिमा बो चरणी | 01 |
| लॉरेन फाइलर का रिचा बो अरूंधति | 02 |
| लिन्सी स्मिथ नाबाद | 00 |
| लॉरेन बेल का जेमिमा बो चरणी | 02 |

गेंदबाजी : अमनजोत कौर 2-0-22-1, दीप्ति शर्मा 3-0-32-2, श्री चरणी 3.5-0-12-4, अरूंधति रेड्डी 2-0-18-1, राधा यादव 2-0-15-2, स्नेह राणा 2-0-13-0

### एक नजर



म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

#### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका) :** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

#### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

#### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड) :** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

- जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी

**ब्रिजटाउन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

### इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

## जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

**कोलंबो :** बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे । लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे । श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

**कोलंबो, एजेंसी :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।



- मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी

# भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

### एफआईएच प्रो लीग

- चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली

बर्लिन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

नॉटिंघम, एजेंसी



- भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य
- पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है । मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी । मैने हर मैच फिर से देखा । उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी । आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा । इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली । समय बहुत कुछ सिखाता है । मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी



भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

# पाकिस्तान में हुए आत्मघाती हमले में 13 जवानों की मौत

पेशावर, एजेंसी

- हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी गाड़ी से बमरोधी वाहन को मारी टक्कर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था।

सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बताया कि विमान सुरक्षित मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। मुंबई में उसके कर्मियों ने इस व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने को यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता दी।

# तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड ) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## सीनेट में किया दावा, ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर लाखों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए।

### ईरान ने कहा- जारी रखेंगे परमाणु संवर्धन कार्यक्रम, नहीं करने देंगे निगरानी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों के बावजूद खाड़ी क्षेत्र में विकिरण का स्तर सामान्य बना हुआ है। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह यूरेनियम संवर्धन की योजना पर कायम है तथा अपने परमाणु प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगाने की अनुमति नहीं देगा। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने शुक्रवार को विकिरण निगरानी प्रणाली के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में विकिरण की घटना होती तो पता चल जाता। उन्होंने कहा, सुरक्षा की दृष्टि से ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र और तेहरान अनुसंधान रिएक्टर हमारी मुख्य चिंता थे। इन हमले से ईरान में और बुशहर संयंत्र के मामले में इसकी सीमाओं के पार रेडियोलॉजिकल दुर्घटना हो सकती थी, पर ऐसा नहीं हुआ।

## ट्रंप का कानूनी फर्मों के खिलाफ वाला एक और आदेश खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

# गाजा में इजराइली हमलों से 62 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह होने तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 62 लोगों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास मुवासी में तंबूओं के शिविर पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और उनके माता-पिता मारे गए। रिश्तेदारों ने बताया कि उन पर हमला सोते समय हुआ। बच्चों की दादी सुआद अबू तेइमा ने सवाल किया, इन बच्चों ने उनके साथ क्या किया, उनका क्या दोष है। इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई।

शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार ,इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया। शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।




## इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम



**इटली।** बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी। रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था।

# कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच को बनी एसआईटी, सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

- पांच सदस्यीय एसआईटी की कमान सहायक आयुक्त को

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं। अधिकारी ने बताया, विवाह प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से पुष्टि हुई है। युवती ने तीनों आरोपियों से कहा था कि उसका एक प्रेमी है और वह उसके साथ खुश है तथा उसे धोखा नहीं देगी।

## तीन दशकों से युद्ध कर रहे कांगो और रवांडा के बीच अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

**वाशिंगटन।** कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है। पूरा क्षेत्र आशा, सद्भाव, शांति का नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा। कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है।

### एएआईबी महानिदेशक को मिली वीआईपी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के महानिदेशक जीवीजी युगांधर को वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। युगांधर अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर सीआरपीएफ के कमांडो ने कुछ समय पहले उनकी 'एक्स' श्रेणी की सुरक्षा का जिम्मा संभाला। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के बाद एएआईबी के महानिदेशक को यह सुरक्षा प्रदान की गई।

भव्यतम

अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ डॉलर

वेनिस, एजेंसी

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है जो करीब 395 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर है।



सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।